शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 11 | अंक : 307 | गुवाहाटी | मंगलवार, 10 जून, 2025 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

देश की सर्वांगीण उन्नति के लिए दैनिक जीवन में लाना होगा राष्ट्रभक्ति... पेज 2
असम विधानसभा में विदेशी मुद्दे पर हंगामा, कार्यवाई 30 मिनट के लिए स्थगित पेज 3
दिशा समिति की बैठक में 39 केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा पेज 5
ओलंपिक विजेता मैरी टकर ने कहा - एथलीट्स को तराशने का सुनहरा... पेज 7

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*वो व्यक्ति जो दूसरों के गुप्त दोषों के बारे में बातें करते हैं, वे अपने आप को बांबी में आवारा घूमने वाले सांपों की तरह बर्बाद कर लेते हैं।*

- आचार्य चाणक्य

## 1950 का कानून सख्ती से लागू करेगी सरकार : मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार अवैध विदेशियों की पहचान करने और उन्हें निष्कासित करने के लिए 1950 के कानून को सख्ती से लागू करेगी। उन्होंने दावा किया कि इस कानून के तहत जिला आयुक्तों को अवैध प्रवासियों को विदेशी घोषित करने और निष्कासन की प्रक्रिया शुरू करने का अधिकार हासिल है। शर्मा ने विधानसभा के विशेष सत्र में कांग्रेस पर नागरिकता के महत्व को न समझने का आरोप लगाया और कहा कि पार्टी के एक नेता के परिवार के चार सदस्यों में से तीन विदेशी हैं। उनका यह बयान असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई को लेकर था। मुख्यमंत्री ने उनकी ब्रिटिश पत्नी के पाकिस्तान से संबंध होने का आरोप लगाया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 1950 के *आप्रवासी (असम से निष्कासन) अधिनियम, 1950* को लागू करेगी, जिससे जिला आयुक्त अवैध विदेशियों की पहचान कर उन्हें निष्कासित कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून की वैधता को बरकरार रखा है, जिससे सरकार को निष्कासन की प्रक्रिया तेज -शेष पृष्ठ दो पर



### बीपी चालिहा के बाद मैं ही पहला मुख्यमंत्री हूं जो विदेशी निष्कासन में सफल हुआ

**गुवाहाटी (हि.स.)।** असम विधानसभा का सोमवार का विशेष एकदिवसीय सत्र अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के निष्कासन को लेकर बेहद गर्म रहा। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच इस मुद्दे को लेकर तीखी बहस हुई। कांग्रेस और एआईयूडीएफ जैसे दलों ने जहां असम सरकार पर असमिया के नाम पर भारतीय नागरिकों को परेशान करने का आरोप लगाया, वहीं मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने सदन में स्पष्ट किया कि केवल उच्चतम् न्यायालय के आदेश और विदेशी ट्राइब्यूनल के फैसले के आधार पर ही किसी को विदेशी घोषित कर निष्कासित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री बनने से पहले एक असमिया हूं। बिमला प्रसाद चालिहा ने मुख्यमंत्री रहते विदेशी निष्कासन किया था और -शेष पृष्ठ दो पर

## धुबड़ी में फिर तनाव, आंसू गैस के गोले दागे, निषेधाज्ञा जारी

**धुबड़ी (हि.स.)।** धुबड़ी में एक बार फिर कथित संदिग्ध गोमांस की बरामदगी को लेकर माहौल तनावपूर्ण बन गया है। रविवार को धुबड़ी के 3 नंबर वार्ड में हनुमान मंदिर के पास से कथित रूप से गो-मुंड और खाल मिलने के बाद फैले तनाव के बीच सोमवार को फिर उसी क्षेत्र से एक प्लास्टिक की थैली में मांस का संदिग्ध हिस्सा बरामद हुआ। इस खबर के फैलते ही लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। घटना के बाद शहर में तनाव को काबू में लाने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले तक दागने पड़े। इसी बीच, पुलिस ने धुबड़ी के छातियानतला इलाके से भी संदिग्ध गो-मांस की खाल बरामद की है। जिला आयुक्त दिवाकर नाथ ने पूरे मामले पर नजर रखने की बात कहते हुए धुबड़ी के नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। उन्होंने बताया कि शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के -शेष पृष्ठ दो पर



### प्रधानमंत्री 8 सितंबर को करेंगे भूपेन हजारिका जन्म शताब्दी समारोह का शुभारंभ

**गुवाहाटी (हि.स.)।** असम सरकार ने भारत रत्न सुधाकंठ डॉ. भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी (8 सितंबर, 2025 से 8 सितंबर, 2026) भव्य रूप से मनाने की योजना बनाई है। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने असम विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के दौरान सोमवार को सदन में घोषणा की कि इस वर्ष 8 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुवाहाटी के खानापाड़ा पशु चिकित्सा कॉलेज खेल मैदान में विशाल मंच से इस वर्षभर -शेष पृष्ठ दो पर

## तेजपुर हवाईअड्डे का नाम होगा ज्योति-बिष्णु हवाईअड्डा : सीएम

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को घोषणा की कि असम के दो सबसे प्रतिष्ठित सांस्कृतिक प्रतीकों - ज्योति प्रसाद अग्रवाल और बिष्णु प्रसाद राभा के सम्मान में तेजपुर हवाई अड्डे का नाम ज्योति-बिष्णु हवाई अड्डा रखा जाएगा। यह घोषणा विधानसभा में चल रहे विशेष सत्र के दौरान शर्मा के संबोधन के दौरान की गई, जहां उन्होंने तेजपुर निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को संबोधित किया कि हवाई अड्डे का नाम भारत रत्न भूपेन हजारिका के नाम पर रखा जाए। तेजपुर के सांस्कृतिक महत्व और इसके -शेष पृष्ठ दो पर




## न्यूज गैलरी

### भूपेन हजारिका की स्मृति में आरबीआई जारी करेगा मुद्रा

**गुवाहाटी (हि.स.)।** भूपेन हजारिका की जन्मशती के अवसर पर राज्य सरकार अनेक सांस्कृतिक और शैक्षणिक पहलें कर रही है। सोमवार को असम विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के दौरान मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि भारतीय -शेष पृष्ठ दो पर

### घबराएं नहीं पर्यटक मेघालय सुरक्षित है : पर्यटन मंत्री

**शिलांग (हि.स.)।** मेघालय के पर्यटन मंत्री पॉल लिंगदोह ने सोमवार को इंदौर के रघुवंशी की हत्या मामले को लेकर राज्य पुलिस की तत्परता की सराहना की। उन्होंने कहा कि महज सात दिनों में मामले की गहराई तक पहुंचकर अपराधियों को पकड़ना पुलिस की काबिलियत को दर्शाता है। पर्यटन मंत्री ने मीडिया से कहा कि यह मामला एक लव ट्रायंगल का था, जिसमें मुख्य आरोपित -शेष पृष्ठ दो पर

## मेघालय से लापता इंदौर की सोनम ने ही कराई पति राजा की हत्या

### *उप्र के ढाबे से पकड़ी गई, पांच अन्य गिरफ्तार*

**इंदौर (हि.स.)।** शादी के बाद हनीमून मनाने के लिए मेघालय गए इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या उनकी पत्नी सोनम ने ही कराई थी। पुलिस ने सोनम को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से एक ढाबे से पकड़ा है। उसके अलावा पांच हमलावरों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। इस बात की पुष्टि मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड सांगमा ने एक्स पोस्ट पर की। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के सांग्मा ने आज सुबह एक्स पोस्ट में कहा कि राजा हत्याकांड में सात दिनों के भीतर मेघालय पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मध्य प्रदेश के रहने वाले तीन हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। महिला ने आत्मसमर्पण कर दिया है और एक अन्य हमलावर -शेष पृष्ठ दो पर



## मणिपुर में फिर हालात बेकाबू, प्रदर्शनकारियों ने सरकारी दफ्तर फूंका, सुरक्षाबलों पर भी किया हमला

**इंफाल (मणिपुर)।** मणिपुर से लगातार हिंसक घटनाएं सामने आ रही हैं। मैतेई समुदाय के लोगों की सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ देखने को मिली। इस दौरान मैतेई समुदाय के लोगों ने सरकारी इमारतों में आग लगा दी। पुलिस के अनुसार इस हिंसा के पीछे की वजह मैतेई समुदाय के नेता समेत 4 की कथित गिरफ्तारी को बताया जा रहा है। सोमवार को मणिपुर के कई हिस्सों पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच अचानक झपड़ होने लगी। इंफाल पश्चिम के क्वाकेइथेल और सिंगजामेई में प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों पर हमला किया। हालात इतने बिगड़ गए कि स्थित पर काबू पाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोलों और रबर बुलट का इस्तेमाल किया। मालूम हो कि मणिपुर में मैतेई नेता और चार अन्य की गिरफ्तारी के विरोध में जारी प्रदर्शन जारी हैं। रविवार रात को प्रदर्शनकारियों ने निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए रात भर मशाल जुलूस निकाला। सरकारी इमारत को जला दिया गया और प्रदर्शनकारियों की सुरक्षा बलों के साथ झड़प हुई। हिंसा के चलते मणिपुर के कई जिलों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। पुलिस ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के क्वाकेथेल और सिंगजामेई -शेष पृष्ठ दो पर



## ठाणे में चलती लोकल ट्रेन से गिरकर छह यात्रियों की मौत



**मुंबई (हि.स.)।** ठाणे जिले में कोपर और दिवा स्टेशनों के बीच सोमवार को सुबह लोकल ट्रेन से गिरकर छह यात्रियों की मौत हो गई है। इस हादसे में सात यात्री घायल हो गए हैं, इन सभी को कलवा स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी नीला स्वप्रिल ने बताया कि आज सुबह करीब साढ़े बजे आमने-सामने से विपरीत दिशा में जा रही दो लोकल ट्रेनों के फुटबोर्ड पर बैठे यात्री आपस में टकरा कर रेलवे पटरी के पास गिर गए। इस घटना में 8 लोगों को कोपर और दिवा के बीच रेलवे पटरी से उठाकर अस्पताल पहुंचाया -शेष पृष्ठ दो पर

## सिंधु नदी के पानी के लिए गिड़गिड़ा रहा पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** भारत पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) पर तब तक कोई बातचीत नहीं करेगा, जब तक नई दिल्ली की आतंकवाद को लेकर जो चिंताएं हैं, उन्हें दूर नहीं किया जाता और यह संधि पूरी तरह से नए सिरे से नहीं बनाई जाती। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सैयद अली मुर्तजा ने कई बार भारत से संपर्क किया है और भारत से अपील की है कि वह सिंधु जल संधि को स्थगित करने के फैसले पर पुनर्विचार करे। उन्होंने भारत की जल संसाधन सचिव देबाश्री मुखर्जी को कई पत्र लिखे हैं और कहा है कि पाकिस्तान भारत की ओर से उठाई गई आपत्तियों पर चर्चा करने के लिए तैयार है। हालांकि, भारत ने पाकिस्तान के किसी भी पत्र का जवाब नहीं दिया है। सूत्रों के अनुसार, जब तक आतंकवाद से जुड़ी भारत की चिंताओं का समाधान नहीं होता और संधि को पूरी तरह नया रूप नहीं दिया जाता, तब तक भारत किसी भी स्तर पर पाकिस्तान से बातचीत नहीं करेगा। देबाश्री मुखर्जी ने इस फैसले की जानकारी पाकिस्तान को औपचारिक रूप से दी थी। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद 1960 की सिंधु जल संधि को अस्थायी रूप से रोक दिया था। इस हमले में 26 लोगों की जान गई थी। विश्व बैंक की मध्यस्थता में बनी यह संधि 1960 से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के जल के बंटवारे और उपयोग को लेकर बनी हुई है। सिंधु नदी प्रणाली में मुख्य नदी सिंधु और उसकी सहायक नदियां शामिल हैं। रावी, ब्यास -शेष पृष्ठ दो पर



## बांग्लादेश हिंसा में शामिल व्यक्ति निकला बंगाल का मतदाता



**कोलकाता।** बीते साल अगस्त में शेख हसीना सरकार के खिलाफ भड़की हिंसा में शामिल एक व्यक्ति पश्चिम बंगाल में मतदाता पाया गया है। इसके बाद इस पर राजनीतिक विवाद शुरू हो गया है और भाजपा ने ममता बनर्जी सरकार पर राज्य की मतदाता सूची में घुसपैठियों को शामिल करने का गंभीर आरोप लगाया है। बांग्लादेशी हिंसा में शामिल व्यक्ति की पहचान न्यूतन दास के रूप में हुई है, जिसने 2024 में ढाका में हुए छात्र विरोध प्रदर्शन में शिरकत की थी। -शेष पृष्ठ दो पर

## भारत नहीं जाएं बांग्लादेशी, अचानक अपने लोगों के लिए यूनुस ने जारी किया फरमान

**ढाका।** बांग्लादेश की यूनुस सरकार ने अपने नागरिकों को सख्त हिदायत दी है। वो ये कि बिना जरूरत भारत या दूसरे पड़ोसी देशों की यात्रा से बचें! ये चेतावनी ऐसे समय में आई है जब कोरोना वायरस के नए-नए वैरिएंट एक बार फिर डराने लगे हैं। बांग्लादेश के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) की तरफ से ये एडवाइजरी सोमवार को जारी की गई। इस पर संक्रामक रोग नियंत्रण शाखा के निदेशक डॉ. हलीमुर राशिद के दस्तखत हैं। इसमें साफ कहा गया है कि भारत समेत कई पड़ोसी देशों में कोरोना के नए सब-वैरिएंट्स अमिक्रॉन.7, एक्सएफजी, जेएन-1, और एनबी 1.8.1 तेजी से फैल रहे हैं। डीजीएचएस ने देश के सभी जमीनी, समुद्री और हवाई अड्डों पर स्क्रीनिंग और निगरानी को और सख्त करने का आदेश दिया है। खासतौर पर उन यात्रियों पर नजर रखने को कहा गया है जो भारत या किसी संक्रमित देश से बांग्लादेश आ रहे हैं या वहां जा रहे हैं। हाल ही में एक व्यक्ति की कोरोना से मौत के बाद देश में हलचल तेज हुई है। -शेष पृष्ठ दो पर



## बिहार चुनाव : एनडीए में सीट शेयरिंग पर घमासान

### चिराग और उपेंद्र कुशवाहा के तेवर से गरमाई सियासत

**पटना।** बिहार चुनाव के लिए एनडीए में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला लगभग तय होते ही घमासान मच गया है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मुखिया चिराग पासवान और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं। चिराग पासवान ने बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ने से आगे बढ़ते हुए सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान कर दिया।



इधर, उपेंद्र कुशवाहा ने भी एलान कर दिया है कि उनकी सीटें कम करने की कोई कोशिश नकरे। चिराग के विरोधी कह रहे हैं कि वे पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दें फिर चुनाव लड़ें। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले कल तक एनडीए में ऑल इज वेल नजर आ रहा था। शीट बंटवारे के पहले एनडीए के दो बड़े सहयोगी चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा ने शक्ति प्रदर्शन के लिए अलग-अलग रैलियां कीं और सियासी घमासान मच गया। चिराग पासवान ने बजाप्ता एलान कर दिया कि वे बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे और सभी 243 सीटों से चुनाव लड़ा जाएगा। चिराग पासवान ने यह एलान शाहाबाद -शेष पृष्ठ दो पर

CLASSIFIED

For all kinds of classified advertisements please contact

97070-14771
86382-00107

MURTI AVAILABLE

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# देश की सर्वांगीण उन्नति के लिए दैनिक जीवन में लाना होगा राष्ट्रभक्ति का भाव : भागवत

**कानपुर ( हि.स. )।** देश के विकास के लिए जरुरी है कि हम स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करें ताकि देश का पैसा देश के विकास में खर्च हो सके। साथ ही अपने दैनिक जीवन में राष्ट्रभक्ति का भाव लाना होगा। यही भाव हमें और हमारे देश को आगे ले जाएगा तभी देश की सर्वांगीण उन्नति संभव होगी। यह बातें तीन दिवसीय प्रवास पर कानपुर पहुंचे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने सोमवार को प्रशिक्षण वर्ग के शिक्षार्थियों से वार्ता करते हुए कहीं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत अपने कानपुर प्रवास के अंतिम दिन सोमवार को वर्ग स्थल (दीनदयाल उपाध्याय इण्टर कॉलेज) की प्रातः शाखा पर रहे। इसके बाद वर्ग में शिक्षार्थियों के साथ वार्ता कर



कार्यकर्ताओं से उनके क्षेत्र में संघ को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि देश के उत्थान के लिए दैनिक जीवन में राष्ट्र भाव लाना होगा। तभी हमारा देश और हम उन्नति कर सकेंगे। प्रांत प्रचार प्रमुख डॉक्टर अनुपम ने बताया कि सरसंघचालक ने शिक्षार्थियों से वार्ता करते हुये उनके व्यक्तिगत जीवन पर भी चर्चा करते हुए पूछा कि यदि विद्यार्थी हैं तो कितनी देर अध्ययन करते हैं? व्यवसायी हैं तो व्यवसाय की कार्यावधि कितनी रहती है? उन्होंने कहा कि संघ का कार्यकर्ता जिस भी कार्य को करता है, एक साधक के रुप में करता है। जिस व्यवसाय को करें उस क्षेत्र का आदर्श व्यवसायी कहलाएं। विद्यार्थी वही आदर्श विद्यार्थी होगा जो दूसरों के लिये प्रेरणा का केंद्र बने। सरसंघचालक ने कहा कि देश की सुरक्षा व देश के विकास में सेना और सरकार के साथ-साथ वहां के समाज की भी बड़ी भूमिका होती है। हम जहां जिस स्थिति में हैं, वहां से देश हित के लिए क्या कर सकते हैं, इस पर विचार होना चाहिए। यह भी विचार करना चाहिए कि क्या हम देश में निर्मित अर्थात स्वदेशी वस्तुओं का अपने जीवन में प्रयोग करने के लिए संकल्प ले सकते हैं कि नही? अपने जीवन से प्रारंभ हुआ यह संकल्प अपने परिवार अपने मोहल्ले और अपने शहर अपने प्रदेश से होते हुए पूरे देश में स्थापित हो। आगे कहा कि हमारे देश का पैसा हमारे देश में रहे, हमारे देश के विकास के काम आए ऐसा विचार बनाकर हम अपना जीवन संचालित करें। अपने दैनिक जीवन में राष्ट्रभक्ति का भाव ही हमें और हमारे देश को आगे ले जाएगा। तभी देश की सर्वांगीण उन्नति संभव होगी।

# कोलकाता से गिरफ्तार हुआ वजाहत खान



**कोलकाता ( हि.स. )।** सोशल मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं और मंदिरों के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में वजाहत खान को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वजाहत वही शख्स है जिसने हाल ही में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और लॉ स्टूडेंट शर्मिष्ठा पानोली के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। बाद में उसके सोशल मीडिया पर सालों से हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ नफरत भरे पोस्ट का खुलासा हुआ। उसके खिलाफ पहले भी कई शिकायतें थीं, लेकिन कोलकाता पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। यहां तक की मां कामाख्या को लेकर उसने बेहद भद्दी और आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। वजाहत पर धार्मिक भावनाएं भड़काने और नफरत फैलाने के गंभीर आरोप लगे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वजाहत खान एक जून से फरार चल रहा था। उसे तीन बार नोटिस भेजा गया, लेकिन उसने हाजिर होने से इनकार कर दिया। इसके बाद गार्डन रीच इलाके में स्थित उसके आवास पर कई बार छापेमारी भी की गई। आखिरकार उसे सोमवार रात कोलकाता के अमहर्स्ट स्ट्रीट इलाके के एक गुप्त ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया गया। वजाहत के खिलाफ कोलकाता के गोल्फ ग्रीन पुलिस स्टेशन में भी एफआईआर दर्ज की गई थी। आरोप है कि उसने सोशल मीडिया पर हिंदू धर्म, देवी-देवताओं और धार्मिक परंपराओं के खिलाफ भड़काऊ, अश्लील और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। इस संबंध में *श्रीराम स्वाभिमान परिषद* नामक संगठन ने दो जून को गार्डन रीच थाने में भी औपचारिक शिकायत भी दर्ज कराई थी। उल्लेखनीय है कि शर्मिष्ठा पानोली को कोलकाता पुलिस ने 30 मई को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया था। उन्होंने *ऑपरेशन सिंदूर* को लेकर मुस्लिम बॉलीवुड कलाकारों की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए एक वीडियो पोस्ट किया था। आरोप है कि उस वीडियो में उन्होंने सांप्रदायिक और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। हालांकि बाद में उन्होंने वीडियो हटा लिया और माफी भी मांगी। शर्मिष्ठा पानोली को कोर्ट ने अब अंतरिम जमानत दे दी है। शर्तों के तहत उन्हें 10 हजार रुपए की राशि कोर्ट में जमा करनी पड़ी और वे देश छोड़कर नहीं जा सकतीं। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता निरंकुश नहीं होती और किसी धर्म या समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए इसका दुरुपयोग नहीं किया जा सकता।

## हरियाणा में संगठन का विस्तार करेगी जनता पार्टी : चतुर्वेदी

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** जनता पार्टी (जपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी ने कहा है कि 80 के दशक में हरियाणा में अपनी सरकार बनने वाली जनता पार्टी का अब फिर से हरियाणा में विस्तार किया जाएगा। इमरजेंसी लगाई तो जेपी आंदोलन से इस पार्टी का जन्म हुआ। इसके पुरोधा जय प्रकाश नारायण थे। जपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जब देश में इमरजेंसी लगाई तो जेपी आंदोलन से इस पार्टी का जन्म हुआ। इसके पुरोधा थे जय प्रकाश नारायण। इमरजेंसी के बाद पूरे देश में जनता पार्टी की सरकार बनी।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान में लगाए जाएंगे 13 लाख 46 हजार 250 पौधे

**जींद ( हिंस )।** एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण हेतु जिला में 13 लाख 46 हजार 250 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सभी संबंधित विभाग इस अभियान में जुड़ेंगे। सरकारी स्कूलों, ग्राम पंचायतों, अमृत सरोवरों में अधिक से अधिक पौधा रोपण किया जाएगा। एक पेड़ मां के नाम 2.0 एक नई और महत्वपूर्ण पहल है, जो पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्व को बढ़ावा देगी। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने सोमवार को एनआईसी के कांफ्रेंस हॉल में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## चोरी की कार बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी महानगर की वशिष्ठ पुलिस ने असम-नगालैंड के सीमावर्ती इलाके से चोरी की एक कार समेत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि बशिष्ठ पुलिस थाने की एक टीम ने असम-नगालैंड सीमा के पास खटखटी से चोरी की गई स्विफ्ट डिजायर कार (एएस-01एफजी- 2462) को बरामद किया है। कार 6 जून को गोलाघाट की यात्रा के बहाने ले जाई गई थी और बाद में गायब हो गई। इस पूरे मामले में बरपथार के पूर्णा नार्जारी (32) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस इस संबंध में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर गिरफ्तार आरोपी से सघन पूछताछ कर रही है।

# हरियाणा में वीडियो कांफ्रेंसिंग से हो सकेगी लोकायुक्त की कार्रवाई

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा में लोकायुक्त अब अपनी कार्रवाई के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) की सुविधा को अपनाएंगे। इसके लिए राज्य सरकार ने केंद्रीय आपराधिक कानूनों और सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी तरह की आधिकारिक संपर्क या पारस्परिक व्यवहार के लिए ऑडियो-विजुअल इलेक्ट्रॉनिक साधनों का प्रयोग करने के संबंध में निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सोमवार को प्रदेश के सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों व निगमों के प्रबंध निदेशकों, मंडल आयुक्तों, उपायुक्तों, उप-मंडल अधिकारियों और पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार को एक पत्र जारी किया है। इस पत्र में इन नए निर्देशों का सख्ती से पालन करने पर जोर दिया गया है।

*No.DDB/6th ASFC/2023-24/131* *Date 05/06/2025*

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tender affixing a non-refundable Court fee stamp of Rs, 8.25 (Rupees eight & twenty five) only with a validity period of 180 Days, which will subsequently to be converted and drawn up in the printed of F-**2 form** are invited from the registered Contractors of Class-II and Class-I (A, B & C) category of Assam PWD(Roads & Building) and BTC, according to their eligibility for submitting tenders for the works under **6th Assam State Finance Commission** as stated below. The tenders will be received by the undersigned up to **12.00** Noon on **01/07/2025** and will be opened on the same date & place at 3.00 P.M.

| Sl. No. | Name of works | Tender Amount (Approx) | Cost of Tender Paper | Time of Completion of Work |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of culvert at Simlabari Kalbari near Adla Mainao LP school VCDC Adla House | Rs. 4.00.000.00 | Rs. 500/- | 3(three) Months from the date of issue of F.W.O. |
| 2 | Construction of culvert at Jarabasti Village near Tiblaou Brahma House | Rs. 3,00,000.00 | Rs. 500/- | do |
| 3 | Construction of culvert at 1 No. Pub Dakhinkuchi village near Jebra Boro House | Rs. 3,00,000.00 | Rs. 500/- | do |
| 4 | Construction of Culvert Jwngmaphuri near Pradib Boro House | Rs. 5,00,000.00 | Rs. 500/- | do |
| 5 | Construction of Culvert at Jopadong Amingaon Bijoyapur near Subhash Ramchiary House | Rs. 5,00,000.00 | Rs. 500/- | do |

Detail N.I.T. may be seen in all working days during office hours in the office of the undersigned. Tender papers will be issued to the contractors or their authorized agents from **10/06/2025 to 01/07/2025** in the office of the undersigned on payment in the form of Demand Draft/Bankers Cheque from any Nationalized Bank, duly pledged in favour of the Principal Secretary, BTC Kokrajhar, payable at Kokrajhar.

Sd/-
Block Development Officer,
Dhamdhama Dev. Block, Baganpara

*IPR(BTC)/C/2025-26/717*

# पृष्ठ एक का शेष

## *1950 का कानून ...*

करने का अधिकार मिला है। उन्होंने यह भी बताया कि हाल के महीनों में 300 से अधिक अवैध बांग्लादेशियों को निष्कासित किया गया है। आल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के विधायक रफीकुल इस्लाम चेताया था कि विदेशियों की पहचान सावधानी से की चाहिए क्योंकि नागरिकता किसी भी व्यक्ति की सबसे कीमती संपत्ति है। जिस पर मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनके परिवार में तीन सदस्य विदेशी हैं, जिससे यह साबित होता है कि पार्टी नागरिकता को गंभीरता से नहीं लेती। शर्मा का दावा है कि न केवल कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की पत्नी ने अपनी ब्रिटिश नागरिकता बरकरार रखी है, बल्कि उनके दो नाबालिग बच्चे भी भारतीय नागरिक नहीं हैं।

## *बीपी चालिहा के ...*

उनके बाद मैं ही हूं जिसने अवैध बांग्लादेशियों को निष्कासित करने में सफलता पाई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह प्रमाणित कर दिया है कि असम से विदेशियों का निष्कासन संभव है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि विदेशी ट्राइब्यूनलों द्वारा लगभग 30 हजार लोगों को विदेशी घोषित किया गया है, जिनमें से अधिकतर को तरुण गोगोई के शासनकाल में चिन्हित किया गया था। लेकिन उस समय किसी को निष्कासित नहीं किया गया। उन्होंने दावा किया कि मौजूदा सरकार अब तक 330 अवैध बांग्लादेशियों को निष्कासित करने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि एनआरसी में नाम होने का मतलब यह नहीं कि व्यक्ति भारतीय है, क्योंकि कई विदेशी लोग नाम की वर्तनी बदलकर, पहले वोटर लिस्ट में नाम डलवाकर और फिर आधार कार्ड बनवाकर एनआरसी में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि 1971 की 25 मार्च को ही विदेशी और भारतीय नागरिकों की पहचान की आधार रेखा मानी जाएगी, जिसे सभी संगठन- चाहे वह आसू हो या आम्सू पहले ही स्वीकार कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि एक हालिया सुप्रीम कोर्ट के आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि विदेशी की पहचान के लिए अब ट्राइब्यूनल की जरूरत नहीं, और जिलाधिकारी के पास यह अधिकार है कि वह किसी को विदेशी मानकर निष्कासित कर सकता है। उन्होंने बताया कि बाढ़ की वजह से 35 और बांग्लादेशियों का निष्कासन रुका हुआ है। इस बीच कांग्रेस, एआईयूडीएफ, सीपीआई(एम) और निर्दलीय विधायक अखिल गोगोई ने मिलकर सदन में विरोध प्रदर्शन किया। एआईयूडीएफ विधायकों ने प्लेकार्ड के साथ विरोध जताया, जबकि कांग्रेस ने कुछ समय के लिए सदन का बहिष्कार भी किया।

## *धुबड़ी में फिर ...*

लिए सीएएफपी की मदद से कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। जिला आयुक्त ने स्पष्ट किया कि पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी शहर में तैनात हैं और जरूरत पड़ने पर बाहर से भी अतिरिक्त बल मंगाया जाएगा। सोमवार को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए दो स्थानों पर पुलिस को आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा। इधर, हालात को देखते हुए धुबड़ी जिला प्रशासन ने सख्त निर्देश जारी किया है। बीएनएसएस की धारा 163(आई) लागू कर दी गई है। आदेशानुसार शहर की सभी दुकानें बंद रहेंगी और एक साथ पांच या उससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर रोक लगा दी गई है। इस दौरान किसी भी प्रकार की रैली या सार्वजनिक सभा की अनुमति नहीं होगी, हालांकि आपातकालीन सेवाओं को इससे छूट दी गई है। प्रशासन ने बताया कि रविवार की घटना के संबंध में पुलिस ने रमजान अली शेख नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

## *तेजपुर हवाईअड्डे का...*

लोगों की भावनाओं को स्वीकार करते हुए, शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार असम के साहित्यिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के दिग्गजों अग्रवाल और राभा के नाम पर हवाई अड्डे का नाम रखकर शहर को सम्मानित करने की योजना बना रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मैं तेजपुर के लोगों को बताना चाहता हूं कि समय आने पर हम तेजपुर हवाई अड्डे का नाम ज्योति-विष्णु हवाई अड्डा रखने का प्रस्ताव विधानसभा में लाएंगे। डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे का नाम डॉ. हजारिका के नाम पर रखने के पीछे सरकार के तर्क को समझाते हुए उन्होंने कहा कि असम में दो भारत रत्न हैं - भूपेन हजारिका और राज्य के पहले मुख्यमंत्री गोपीनाथ बरदलै। हमने राज्य की दो राजधानियों - गुवाहाटी और डिब्रूगढ़ - के हवाई अड्डों का नाम उनके नाम पर रखने का फैसला किया है। इससे पहले, 19 मई को तेजपुर में जनता में आक्रोश स्पष्ट रूप से देखा गया था, जब मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे का नाम भूपेन हजारिका के नाम पर रखा जाएगा, जबकि तेजपुर शहर लंबे समय से इस प्रतिष्ठित कलाकार से जुड़ा हुआ है और जहां स्थानीय निवासियों ने मांग की थी कि हवाई अड्डे का नाम उनके नाम पर रखा जाए। वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनोज बोरा द्वारा तेजपुर साहित्य सभा भवन में एक सार्वजनिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों ने 15 वर्ष पुरानी मांग के प्रति राज्य एवं केंद्र की उदासीनता पर निराशा व्यक्त की। हालांकि, आज की घोषणा से तेजपुर के लोगों को कुछ हद तक संतुष्टि मिलने की संभावना है।

## *मेघालय से लापता...*

को पकड़ने के लिए अभियान अभी भी जारी है। गौरतलब है कि राजा और सोनम रघुवंशी की शादी 11 मई को इंदौर में हुई थी। वे 20 मई को हनीमून के लिए रवाना हुए थे। दोनों इंदौर से बेंगलुरु होते हुए गुवाहाटी पहुंचे, जहां मां कामाख्या के दर्शन करने के बाद गत 23 मई को मेघालय के शिलांग रवाना हुए। शुरुआत में परिवार की दोनों से बात होती रही, फिर संपर्क टूट गया। राजा के बड़े भाई सचिन रघुवंशी को पहले लगा कि नेटवर्क की समस्या होगी, लेकिन 24 मई से दोनों के मोबाइल बंद हो गए तो चिंता होने लगी। कई प्रयासों के बाद जब कोई संपर्क नहीं हो सका तो सोनम के भाई गोविंद और राजा के भाई विपिन शिलांग पहुंचे। इसके बाद वे सर्चिंग टीम के साथ जुड़े। 23 मई को लापता दंपति में से पति राजा रघुवंशी का शव दो जून को मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहरा क्षेत्र में एक झरने के पास गहरी खाई में मिला था। सोनमी 17 दिन से लापता थी। बताया जा रहा है कि रविवार रात करीब दो बजे सोनम गाजीपुर के एक ढाबे पर पहुंची और उसने यहां से अपने भाई गोविद को फोन किया। गोविंद ने गाजीपुर से अपने परिचित को वहां भेजा। इसके बाद उन्होंने सोनम से फोन पर बात कराई। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि सोनम गाजीपुर तक कैसे पहुंची? पुलिस अब जल्द ही सोनम को इंदौर लेकर आ सकती है।

## *मणिपुर में फिर हालात...*

इलाकों में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों की झड़प हुई। पुलिस ने कई राउंड आंसू गैस के गोले छोड़कर और रबर की गोलियां चलाकर भीड़ को तितर-बितर किया। इंफाल पूर्वी जिले में सब डिविजनल कलेक्टर के कार्यालय को प्रदर्शनकारियों ने आग लगा दी, जिससे कार्यालय की इमारत को नुकसान पहुंचा है। साथ ही कार्यालय में रखे आधिकारिक दस्तावेज नष्ट हो गए हैं। पुलिस ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है और ये पता लगाया जा रहा है कि इस आगजनी की घटना के पीछे कौन है। हालात को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इंफाल पूर्वी जिले के सेकमाई और कोइरेनगाई इलाकों में प्रदर्शनकारियों ने सड़कों को बाधित कर दिया ताकि सुरक्षाबल मूवमेंट न कर सकें। सड़कों पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। वांगखेई, यैरीपोक और खुराई इलाकों में भी सुरक्षाकर्मियों और प्रदर्शनकारियों को बीच झड़प हुई। कई जगहों पर महिलाओं ने भी प्रदर्शन किया। उधर मणिपुर पुलिस ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रविवार को आशेम कानन सिंह को गिरफ्तार किया। वह मणिपुर पुलिस में हेड कांस्टेबल रहा है। लेकिन मार्च 2025 में उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। उस पर विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने का आरोप था, जिसमें सीमा पार हथियारों की तस्करी भी शामिल है। कानन सिंह मैतेई संगठन अरमबाई टेंगोल का सदस्य है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने 2023 से मणिपुर में जारी हिंसा से जुड़ी विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए कानन सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सीबीआई ने आशेम सिंह (46 वर्षीय) को इंफाल से गिरफ्तार किया। जब तब तक मणिपुर पुलिस में हेड कांस्टेबल था, जब तक कि उसे 3 मार्च 2025 को हथियारों की सीमा पार तस्करी सहित विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के कारण सेवा से बर्खास्त नहीं कर दिया गया था। पुलिस ने कहा कि कानन सिंह को उसकी आपराधिक गतिविधियों के लिए गिरफ्तार किया गया था, जिसमें गंभीर प्रकृति के कृत्य और गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्तता और उसके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले शामिल हैं।

## *ठाणे में चलती ...*

गया, जबकि गार्ड ने पांच घायल यात्रियों को जीआरपी को सौंपा। इन सभी का इलाज कलवा सरकारी अस्पताल में हो रहा है, लेकिन मृतकों की जानकारी अस्पताल सूत्रों ने अभी तक नहीं दी है। मुंब्रा के स्टेशन मास्टर ने पत्रकारों को बताया कि रेलवे पटरी में गिरने तीन लोगों की मौत हो गई थी, जबकि पांच लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार इस घटना में खबर लिखे जाने तक छह लोगों की मौत हो गई है और सात लोगों का इलाज जारी है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना की छानबीन रेलवे प्रशासन की ओर से की जाएगी। खबर लिखे जाने तक मृतकों में से जीआरपी पुलिस कर्मी विकी बाबासाहेब मुख्यादल की पहचान की गई है, अन्य पांच मृतकों की पहचान का प्रयास जारी है।

## *सिंधु नदी के पानी...*

और सतलुज को *पूर्वी नदियां* कहा जाता है, जबकि सिंधु, झेलम और चिनाब को *पश्चिमी नदियां* माना जाता है। सिंधु जल संधि को स्थगित करने के बाद भारत अब यह योजना बना रहा है कि वह इस संधि के तहत अपने हिस्से के पानी का अधिकतम उपयोग कैसे कर सकता है। इसके लिए एक अध्ययन किया जाएगा, जिसमें जल संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल, नए ढांचे के विकास और भारत के अधिकारों के पूर्ण उपयोग पर फोकस किया जाएगा।

## *प्रधानमंत्री 8 सितंबर को ...*

चलने वाले समारोह का उद्घाटन करेंगे। समारोह में एक हजार युवक-युवतियां *असम आमार रूपही* गीत का सामूहिक गायन करेंगे। मुख्यमंत्री ने यह बताया कि 2026 में दिल्ली के भारत मंडपम में समापन समारोह का आयोजन होगा। इसके लिए एक 50 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है।

## *बांग्लादेश हिंसा में ...*

अब वह बंगाल के काकद्वीप में मतदाता पाया गया है। बांग्लादेश में हुए विरोध प्रदर्शनों ने शेख हसीना सरकार को सत्ता से अपदस्थ करने में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं विवाद के बाद न्यूतन दास ने दावा किया कि उसके पास भारतीय नागरिकता है और उसने पैन कार्ड और आधार कार्ड भी होने का दावा किया। दास ने दावा किया कि वह 2024 में वह बांग्लादेश गया था और किन्हीं कारणों से बांग्लादेश में फंस गया। बांग्लादेश में उसकी पैतृक संपत्ति है। दास ने बताया कि वह साल 2014 से काकद्वीप में मतदाता है और साल 2016 के विधानसभा चुनाव में उसने मतदान भी किया था। वहीं न्यूतन दास के चचेरे भाई ने बताया है कि न्यूतन का जन्म बांग्लादेश में हुआ था और वह दोनों देशों में वोट करता है। वह कोरोना महामारी के दौरान अपनी कुछ पैतृक संपत्ति बेचने भारत आया था, लेकिन उसके बाद से यहीं रह गया। उसे दोनों देशों में मतदाता बनने के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। यह सही नहीं है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि एक व्यक्ति जो बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के दौरान लाठी उठाए दिख रहा है, वह अब काकद्वीप में बतौर मतदाता पंजीकृत है। टीएमसी और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी अवैध घुसपैठ के नेटवर्क को बढ़ावा दे रही हैं। नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि बंगाल में लाखों बांग्लादेशी मतदाता पंजीकृत हैं। अधिकारी ने साद शेख का उदाहरण दिया, जो अंसारुल्लाह बांग्ला टीम का सदस्य है और मुर्शिदाबाद में मतदाता है। भाजपा का आरोप है कि कई बांग्लादेशी जिहादी और घुसपैठिए भारत में घुस आए हैं और यहां उन्हें सत्ताधारी दल द्वारा वोट पाने के लिए नागरिकता दे दी गई है। टीएमसी ने भाजपा के आरोपों को खारिज कर दिया और उल्टा केंद्र और बीएसएफ को अवैध घुसपैठ के लिए जिम्मेदार ठहराया। टीएमसी ने कहा कि सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी बीएसएफ की है। राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाती है, लेकिन ये भारत सरकार की जिम्मेदारी है कि सीमाएं सुरक्षित रहें।

## *भारत नहीं जाएं ...*

बांग्लादेश के वैज्ञानिकों ने एक्सएफजी और एक्सएफसी नाम के दो नए वैरिएंट की पहचान की है, जो जेएन-1 के सब-वैरिएंट्स हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि ये वैरिएंट तेजी से फैल सकते हैं, और इनसे सतर्क रहने की जरूरत है। फिलहाल स्थिति चिंताजनक नहीं है, लेकिन एक्सपर्ट्स मानते हैं कि अगर समय रहते एहतियात नहीं बरती गई, तो हालात बिगड़ सकते हैं। यही वजह है कि सरकार ने अभी से सख्ती दिखाते हुए अंतर्राष्ट्रीय यात्राओं पर निगरानी बढ़ा दी है। बांग्लादेश सरकार की ये चेतावनी साफ इशारा है कि कोरोना अभी गया नहीं है। भारत और अन्य देशों की यात्रा करने से पहले अब बांग्लादेशियों को सोचना पड़ेगा, क्योंकि इस बार मामूली बुखार नहीं, नए वैरिएंट्स के जरिए बड़ा खतरा दस्तक दे रहा है।

## *भूपेन हजारिका की ...*

रिजर्व बैंक भूपेन हजारिका की स्मृति में एक विशेष मुद्रा जारी करेगा। इसके साथ ही, उनके जीवन पर आधारित एक पुस्तक का प्रकाशन भी किया गया है। इसे वरिष्ठ पत्रकार और लेखिका अनुराधा शर्मा पुजारी ने लिखा है। यह पुस्तक भारत की 23 भाषाओं में अनुवादित की जाएगी और देशभर की पुस्तकालयों में उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा, असम के हर घर तक 10-12 लाख पुस्तकों की आपूर्ति का लक्ष्य रखा गया है ताकि, नई पीढ़ी भूपेन हजारिका के जीवन और कृतित्व को जान सके। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में उनकी लोक संगीत पर शोध के लिए भी विशेष प्रयास किए जाएंगे।

## *घबराएं नहीं पर्यटक ...*

सोनम रघुवंशी ने सुपारी देकर अपने पति की हत्या करवाई। मुख्य आरोपित ने पेशेवर अपराधियों को सुपारी दी थी। हम विशेष जांच दल (एसआईटी) को बधाई देते हैं जिन्होंने सिर्फ सात दिनों में इस केस को सुलझा लिया। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। सोनम रघुवंशी को मास्टरमाइंड बताया गया है, जबकि तीन अन्य विशाल सिंह चौहान, राज सिंह और आनंद कुर्मी इंदौर के रहने वाले सुपारी किलर हैं। लिंगदोह ने कहाकि यह केस हमारी पुलिस की कार्यकुशलता का प्रमाण है। मेघालय पर्यटकों का स्वागत करता है और हम सुरक्षा और रोकथाम को मजबूत करने के लिए टूरिज्म सेक्टर से बेहतर तालमेल बना रहे हैं।

## *बिहार चुनाव : एनडीए में ...*

में नव संकल्प रैली में किया। इतना ही नहीं, अब इस नव संकल्प रैली के बाद जो पोस्टर जारी किया गया उसमें नव संकल्प के साथ-साथ नव नेतृत्व भी लिखा हुआ है। इस नव नेतृत्व की बात को लेकर नया विवाद शुरू हो गया है। इधर, मुजफ्फरपुर में रैली कर यह धमकी दे डाली कि उनकी सीटें कम करने की कोशिश कोई ना करे। इधर, पप्पू यादव ने कहा है कि चिराग पासवान *मोदी जी के हनुमान* हैं और यह भाजपा तय करेगी कि विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा या चिराग पासवान के नेतृत्व में। उन्होंने सवाल उठाया कि कौन चिराग के कंधे पर बंदूक रखकर चला रहा है? जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने चिराग पासवान के 243 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा को लेकर उन पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि एनडीए में भाजपा के दो नेता प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह जो तय करेंगे वही होगा, चाहे जो दल जितना उछल कूद कर ले। चिराग पासवान एनडीए सरकार में मंत्री हैं, क्या उन्होंने अपना पद त्याग दिया है? एनडीए में बिहार चुनाव के लिए सीट शेयरिंग का फॉर्मूला लगभग तय कर लिया गया है, लेकिन चिराग और कुशवाहा के रुख को देखते हुए अब लगता है कि शीट शेयरिंग के इस फार्मूले का एलान इतना आसान नहीं होगा।

# असम विधानसभा में विदेशी मुद्दे पर हंगामा, कार्रवाई 30 मिनट के लिए स्थगित



**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम विधानसभा में सोमवार को विशेष एकदिवसीय सत्र के दौरान उस समय हंगामा मच गया जब सरकार ने डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे का नाम बदलकर *भारत रत्न भूपेन हजारिका एयरपोर्ट* रखने के प्रस्ताव को सदन में रखा। विपक्ष के तीखे विरोध के बीच स्पीकर विश्वजीत दैमारी को कार्रवाई 30 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। परिवहन मंत्री जोगेन मोहन ने यह प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसमें केंद्र सरकार से डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे का नाम भूपेन हजारिका के नाम पर रखने की सिफारिश करने की बात कही गई थी। लेकिन जैसे ही उन्होंने प्रस्ताव पढ़ना शुरू किया, कांग्रेस और एआईयूडीएफ के विधायकों ने जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष का विरोध मुख्य रूप से मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा द्वारा विदेशी नागरिकों की पहचान और उन्हें देश से बाहर भेजने के मुद्दे पर दिए गए उत्तर से असंतोष के कारण हुआ। इस बीच कांग्रेस विधायक वेल में पहुंच गए थे। हालांकि बाद में वे अपनी सीटों पर लौट आए, जबकि एआईयूडीएफ के सदस्य फर्श पर ही धरने पर बैठ गए। विपक्षी विधायकों के विरोध के चलते स्पीकर को सत्र स्थगित करना पड़ा। सरकार की ओर से यह नाम परिवर्तन प्रस्ताव भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में लाया गया है। राज्य मंत्रिमंडल ने पहले ही इस फैसले को मंजूरी दे दी थी।

## ब्राउन शुगर समेत दो गिरफ्तार

**अगरतला ( हिंस )।** । त्रिपुरा के कुमारघाट इलाके में पुलिस ने ब्राउन शुगर समेत दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान दो साबूदानी में छुपाकर रखे गए 23.25 ग्राम ब्राउन शुगर समेत दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान आकाश देव और शनि देव के रूप में की गई है। पुलिस ने ब्राउन शुगर की तस्करी के लिए व्यवहृत ऑटो को भी जब्त किया है । पुलिस ने ब्राउन शुगर के अलावा नगद 35 हजार 500 रुपए भी जब्त किया है। पुलिस इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार दोनों तस्करों से सघन पूछताछ कर रही है।

# राज्यसभा चुनाव: कणाद पुरकायस्थ को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सैकिया ने दिया पार्टी का टिकट



**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम से राज्यसभा की दो सीटों के लिए आगामी 19 जून को होने वाले चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने बराक घाटी के भाजपा नेता कणाद पुरकायस्थ को अपना उम्मीदवार बनाया है। इस कड़ी में सोमवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद दिलीप सैकिया ने औपचारिक तौर पर पार्टी की उम्मीदवारी का टिकट कणाद पुरकायस्थ को सौंपा। इस मौके पर असम प्रदेश भाजपा के सांगठनिक सचिव जीआर रवीन्द्र राजू, सिलचर के सांसद परिमल शुक्लबैद्य के साथ ही अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। गुवाहाटी स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय अटल बिहारी बाजपेयी भवन में दिलीप सैकिया द्वारा राज्यसभा के लिए भाजपा के लगभग 34 साल पुराने कार्यकर्ता कणाद पुरकायस्थ को प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि असम से राज्यसभा की दो सीटें खाली हुई हैं। एक सीट पर भाजपा ने अपना उम्मीदवार उतारा है, जबकि दूसरी सीट को भाजपा ने अपनी सहयोगी पार्टी असम गण परिषद (अगप) के लिए छोड़ दिया है। अगप ने एक बार फिर से बिरेंद्र प्रसाद बैश्य को अपना उम्मीदवार बनाया है। विपक्ष द्वारा अगर उम्मीदवार खड़ा किए जाने की स्थिति में ही चुनाव होगा। हालांकि, एनडीए के दोनों उम्मीदवारों के जीतने की पूरी संभावना है।

## कार के भीतर मिला शव

**जोरहाट ( हिंस )।** जोरहाट जिले के टियक इलाके में रुकी हुई एक कार के अंदर से एक शव बरामद किए जाने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि टियक इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे खड़ी मारुति वेगनार कार (एएस-23सी-1707) के अंदर एक व्यक्ति का देखे जाने की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने शव को कार के अंदर से बरामद का पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। मृतक के शरीर पर जख्म के निशान पाए गए है। कार से पुलिस ने शराब की बोतल भी बरामद किया है। मृतक की पहचान पहचान तिनसुकिया निवासी विप्लव चक्रवर्ती के रूप में की गई है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# विस की विशेष कार्रवाई में शामिल हुए सांसद गौरव गोगोई

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई सोमवार को असम विधानसभा की दर्शक दीर्घा में बैठकर एक ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। विधानसभा में डिब्रूगढ़ के मोहनबाड़ी स्थित हवाई अड्डे का नाम भारत रत्न भूपेन हजारिका के नाम पर रखने का सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित किया गया। इस प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान अध्यक्ष द्वारा निर्धारित दर्शक दीर्घा में बैठकर गौरव गोगोई ने पूरी कार्रवाई को ध्यानपूर्वक सुना। उनके साथ पूर्व सांसद रिपुन बोरा भी दर्शक दीर्घा में उपस्थित रहे। असम कांग्रेस विधायक दल के नेता देवब्रत सैकिया ने इस ऐतिहासिक प्रस्ताव पर सरकार को धन्यवाद देते हुए कांग्रेस की ओर से इसका समर्थन किया। सैकिया ने भूपेन हजारिका की रचनाओं के संरक्षण को लेकर भी विधानसभा में विशेष प्रस्ताव प्रस्तुत किए। इसके बाद गौरव गोगोई मीडिया से रूबरू हुए और कई महत्वपूर्ण सवालों के जवाब दिए। दिन के दौरान गौरव गोगोई ने राजीव भवन में कांग्रेस की मिसिंग जनजाति और चाय जनजाति कोष के साथ बैठक की। इन बैठकों में जनजातीय समुदायों के बीच कांग्रेस को कैसे और मजबूत किया जाए, इस पर चर्चा की गई। इधर, विधानसभा की कार्रवाई में कुछ समय बिताने के बाद गौरव गोगोई, नेता विपक्ष देवब्रत सैकिया और अन्य कांग्रेस विधायकों के साथ विधानसभा अध्यक्ष विश्वजीत दैमारी से सौजन्य मुलाकात भी की। अध्यक्ष दैमारी ने गोगोई का स्वागत किया और दोनों पक्षों में बातचीत हुई।

# पूसीरे ने भारतीय रेलवे की पहली दूरसंचार अनुरक्षण अध्ययन समूह बैठक की मेजबानी की

**गुवाहाटी ( हिंस )।** भारतीय रेलवे की पहली दूरसंचार अनुरक्षण अध्ययन समूह (एमएसजी) बैठक 6 और 7 जून को पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के मुख्यालय, मालीगांव में सफलतापूर्वक हुई। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने सोमवार को बताया कि यह बैठक रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (दूरसंचार) और अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ), लखनऊ के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था, जो भारतीय रेलवे के अधीन आधुनिक संचार प्रणालियों के अनुरक्षण कार्यों और स्वास्थ्य निगरानी के विकास में एक उल्लेखनीय माइलस्टोन दर्ज हुआ। इस दो दिवसीय सम्मेलन ने भारतीय रेलवे में दूरसंचार अनुरक्षण में सर्वोत्तम प्रथाओं, नवीन पद्धतियों और उभरती प्रौद्योगिकियों के आदान-प्रदान के लिए एक व्यापक मंच प्रदान किया। चर्चा कई प्रमुख क्षेत्रों पर



केंद्रित थी, जिसमें दूरसंचार उपकरणों के लिए स्वचालित समस्या टिकटिंग प्रणाली, इंटरैक्टिव डैशबोर्ड के माध्यम से परिसंपत्तियों की निगरानी, मोबाइल ट्रेन रेडियो संचार (एमटीआरसी) ओएसएस का अनुरक्षण और जोनल एवं मंडल दोनों स्तरों पर डेटा सेंटर संचालन शामिल हैं। प्रदर्शन मेट्रिक्स जैसे कि मरम्मत का औसत समय (एमटीटीआर) और विफलताओं के बीच औसत समय (एमटीबीएफ) पर भी नजर रखने पर जोर दिया गया, जो परिचालन दक्षता का आकलन करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क, दूरसंचार टावर, वीडियो निगरानी प्रणाली (वीएसएस), आईपी-एमपीएलएस नेटवर्क और एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली (आईपीआईएस) जैसी प्रमुख दूरसंचार परिसंपत्तियों के लिए अनुरक्षण रणनीतियों पर लक्षित सत्र आयोजित किए गए, जिनमें से सभी संचार बुनियादी संरचना के आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बैठक में आरडीएसओ के प्रधान कार्यकारी निदेशक (एस एंड टी) के साथ-साथ उनकी तकनीकी टीम और सभी जोनल रेलवे के प्रधान मुख्य सिग्नल और दूरसंचार इंजीनियर (पीसीएसटीई) और मुख्य संचार इंजीनियर (सीसीई) सहित प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक में स्टेकधारकों के बीच विचारों, अनुभवों और सर्वोत्तम प्रथाओं के व्यापक आदान-प्रदान के लिए एक मंच मिला। इसके अलावा, विभिन्न दूरसंचार प्रणालियों के मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के प्रतिनिधियों ने नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन कर अपने-अपने उत्पादों की कार्यक्षमता, विश्वसनीयता और विशेष विशेषताओं के बारे में बताया। पहली दूरसंचार एमएसजी बैठक आधुनिक अनुरक्षण कार्यों को अपनाने और परिचालन दक्षता एवं यात्री अनुभव को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण संचार बुनियादी संरचना को सुदृढ़, वास्तविक समय निगरानी सुनिश्चित करने के प्रति भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज के शिशु विभाग में चेतना लेडीज का स्तनपान कक्ष का उद्घाटन



**गुवाहाटी ( विभास )।** चेतना लेडीज क्लब द्वारा बिरुबारी स्थित प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विभाग में एक अत्यंत उपयोगी और मानवीय पहल-स्तनपान कक्ष का विधिवत उद्घाटन किया गया। यह कक्ष माताओं को नवजात शिशुओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गोपनीय वातावरण में स्तनपान कराने की सुविधा प्रदान करेगा। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बीके भास्य, सुपरिटेंडेंट डॉ. पूर्णिमा बरुवा, शिशु रोग विभागाध्यक्ष, स्त्री रोग विभागाध्यक्ष, सर्जरी विभागाध्यक्ष सहित अनेक वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. बी. के. भास्य, प्राचार्य, प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज ने चेतना लेडीज क्लब को इस सराहनीय और अत्यंत आवश्यक पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि यह स्तनपान कक्ष न केवल माताओं के लिए सुविधा प्रदान करेगा, बल्कि नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य और पोषण की दिशा में भी अहम भूमिका निभाएगा। एक सर्व-महिला संस्था होने के नाते चेतना लेडीज क्लब महिलाओं की संवेदनाओं और जरूरतों को समझते हुए सदैव उनके हित में कार्य करती रही है। स्तनपान कक्ष की आवश्यकता विशेष रूप से अस्पताल परिसर में महसूस की जाती है, जहां महिलाओं को ऐसे शांत और सुरक्षित स्थान की अत्यंत आवश्यकता होती है। इस पुण्य कार्य में मनीष बगड़िया और अनिता का सहयोग सराहनीय रहा, जिन्होंने इस पहल का समर्थन स्वर्गीय नेहा अग्रवाल की स्मृति में किया। यह कार्य उनकी स्मृति को सच्ची श्रद्धांजलि है और सामाजिक सेवा की भावना को उजागर करता है। इस परियोजना को साकार करने में क्लब की अध्यक्ष श्रीमती ममता हारलालका, सचिव श्रीमती स्वेता सोमानी, कोषाध्यक्ष श्रीमती मीना मोर और सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। सभी के समर्पण और सहयोग से यह कार्य संभव हो सका। चेतना लेडीज क्लब का यह प्रयास मातृ और शिशु स्वास्थ्य की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। क्लब भविष्य में भी समाजोपयोगी कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## हेरोइन समेत दो को पानबाजार पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी की पान बाजार पुलिस ने हेरोइन की तस्करी में शामिल दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के 3 नंबर रेलवे गेट इलाके में छापेमारी की गयी। छापेमारी दौरान के मादक पदार्थ की तस्करी के सिलसिले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान सूरज माझी (24, डिब्रूगढ़) और बिक्रम साहनी (28, पानबाजार) के रूप में की गई है। पुलिस ने सूरज माझी के कब्जे से हेरोइन से भरे कुल 21 प्लास्टिक की शीशियां भी बरामद कीं, जिनका वजन 27.67 ग्राम आंका गया है । पुलिस इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# ओरुणोदई 3.0 को लेकर फकीराग्राम पीबीएफ नेता के साथ विधायक की बैठक




**कोकराझार ( विभास )।** कोकराझाड़ जिले के फकीराग्राम ब्लॉक पीबीएफ कार्यालय में अरुणोदर्य 3.0 को लेकर बैठक हुई। बैठक में पीबीएफ नेता कर्मी, बीएसयू, महिला विंग, यूथ आदि कार्यकर्तागण उपस्थित थे। बैठक में विधायक रविराम नार्जारी उपस्थित थे। नार्जारी ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी बीटीसी चुनाव पीबीएफ अपने दम सरकार बनाएगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि फकीराग्राम 7 नंबर क्षेत्र के जीएसपी दल को अपने साथ नहीं रखेंगे। उन्होंने कहा कि हम एक शक्तिशाली उम्मीदवार मैदान में उतारेंगे, शत प्रतिशत जीत हासिल कर सके। उन्होंने आगे बताया कि बिना डॉक्टर, नर्स, स्टाफ, ग्रेट-3, ग्रेट-4 चल रहे अस्पताल को हम पूर्ण तरीके से मॉडल अस्पताल के रूप में फिर से निर्माण करेंगे। हालांकि इस अस्पताल 40 बेड है।

## सम्मेलन के नगांव शाखा पदाधिकारियों ने असम साहित्य सभा के अध्यक्ष का सम्मान किया




**नगांव ( निसं )।** असम साहित्य सभा के अध्यक्ष डॉ. बसंत देव गोस्वामी और सचिव देवजित बोरा के आज नगांव आगमन पर मारवाड़ी सम्मेलन, नगांव शाखा द्वारा नगांव साहित्य प्रकल्प, नेहरूवाली में आयोजित एक कार्यक्रम में फुलाम गमोछा और राजस्थानी साफा पहना कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सम्मेलन के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विजय मंगलूनिया, पूर्व शाखाध्यक्ष अनिल शर्मा, नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद कोठारी, राधा रमन खाटुवाला, पवन किल्ला, महेश भजनका उपस्थित थे।

# फैंसी बाजार डंपिंग स्टेशन से निकल रही दुर्गंध के विरोध में सभा आयोजित

**गुवाहाटी ( विभास )।** आज चार नंबर रेल गेट स्थित साधना मंदिर में एमएस रोड के निवासियों ने एक वरिष्ठ नागरिक रमेश भातरा की अध्यक्षता में साधारण सभा का आयोजन किया। जिसमें 16 नंबर वार्ड के पार्षद प्रमोद स्वामी तथा नगर निगम के फैंसी बाजार डंपिंग सेंटर के अभियंता हेमंत कलिता उपस्थित थे। सभा में मुख्य रूप से फैंसी बाजार का कचरा संग्रह केंद्र ही मुख्य बिंदु बना रहा। सभा में उपस्थित कई सदस्यों में अपने वक्तव्य में कचरा संग्रह केंद्र को स्थानांतरित करने की बात कही। स्थानीय निवासी दीप कलिता ने कहा कि फैंसी बाजार कचरा संग्रह केंद्र के आसपास तेरापंथ धर्मस्थल, महावीर स्थल, काली मंदिर, साधना मंदिर तथा बोटैनिकल गार्डन जैसे महत्व पूर्ण और आध्यात्मिक केंद्र स्थापित है। जो पूरी तरह से दुर्गंध की चपेट में है। कचरा केंद्र की बड़ी-बड़ी गाड़ियां अक्सर एमएस रोड में आकर के भयंकर रूप से जाम की समस्या पैदा कर देती है। कचरे से भरी छोटी गाड़ियां जब जाम में फंसती है तो अन्य वाहनों को उनसे निकलने वाली दुर्गंध से वहां जाम में खड़े रहना मुश्किल हो जाता है। कचरे से निकलने वाली गंध से रिहायासी इलाकों के वासिंदों का रहना मुश्किल हो जाता है। एमएस रोड निवासी मुकेश भातरा ने कहा कि कचरे को दुर्गंध से बचाने के लिए एक विशेष रूप का केमिकल का छिड़काव किया जाता है। जिसकी दुर्गंध कचरे की दुर्गंध से भी अधिक भयानक होती है। कचरे की दुर्गंध से तो नाक ढकने से कुछ राहत मिलती है लेकिन केमिकल की गंध गले में इस तरह से पकड़ लेती है कि खांसना भी मुश्किल हो जाता है। सभा में उपस्थित राकेश बाफना, अशोक जैन, रवि भातरा, आशीष बोथरा, अनिल भातरा, शहाबुद्दीन अहमद, दिनेश सिकरिया, आदर्श शर्मा और विशाल भातरा ने भी अपने संबोधन में मुख्य रूप से कचरा संग्रह केंद्र को यहां से नगर के बाहर स्थानांतरित करने की बात ही कही। सभा में उपस्थित 16 नंबर वार्ड के पार्षद प्रमोद स्वामी ने सभी की बातों को सुनते हुए सभासदों से पूछा कि जब आप लोगों की इतनी बड़ी समस्या है तो क्या आपने कभी शहरी विकास मंत्री नगर निगम के आयुक्त, स्थानीय विधायक अथवा मुख्यमंत्री किसी को भी इस समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा था क्या कारण इस समस्या का समाधान उच्च



स्तर पर ही हो पाएगा। जहां आप लोगों को ही संपर्क करना होगा। इसके लिए एक समिति का भी गठन कर दिया जाएगा। सभा के अध्यक्ष रमेश भातरा ने अपने संबोधन में कहा कि इस समस्या का समाधान पार्षद अथवा इंजीनियर स्तर पर नहीं हो सकता। जिसने इस डंपिंग स्टेशन का प्रारूप बनाया और उसको शुरू करने की स्वीकृति दी है वही समाधान भी निकाल सकते हैं। स्थानीय विधायक व शहरी विकास मंत्री अथवा स्वयं मुख्यमंत्री ही इस समस्या का समाधान निकाल सकते हैं। मेयर अथवा नगर निगम आयुक्त के अधिकार क्षेत्र में भी इसका स्थानांतरण नहीं रहता है। अत: हमें सात सदस्यीय समिति बनाकर उसमें दो वरिष्ठ पत्रकारों को भी सदस्य के रूप में लेकर विधायक, शहरी विकास मंत्री व मुख्यमंत्री आदि को पास स्मारक पत्र लेकर जाना होगा एवं उनको सभी डंपिंग स्टेशन से होने वाली समस्याओं से अवगत कराना होगा। इसके बावजूद भी अगर समस्या का समाधान नहीं होता है तो अंत में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा। कचरा संग्रह केंद्र से गंदी हवा जो चारों तरफ फैल जाती है उसे रोकने के लिए इसका स्थानांतरण जरूरी है। इस गंदी हवा से फैंसी बाजार के निवासियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। चार नंबर रेल गेट जब बंद होता है और वहां जाम में फंसी हुई गाड़ियों में बैठे हुए लोगों का दुर्गंध में हवा से जो भयंकर तकलीफ होती है उसका वर्णन हम नहीं कर सकते। बोटैनिकल गार्डन का आरंभ सुबह स्वच्छ हवा में सैर कर अथवा योगाभ्यास कर शरीर को तंदुरुस्त बनाने के उद्देश्य से किया गया था। मगर बोटैनिकल गार्डन भी कचरा केंद्र की दुर्गंध से दूषित हो गया है। जहां सुबह की सैर करने वाले इस दुर्गंधमय वातावरण में ही सैर करते हैं। फैंसी बाजार बीजेपी का गढ़ है। ऐसी स्थिति में स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य की परवाह किए बिना इस केंद्र को मंजूरी दे दी गई।

संपादकीय

# आतंक जांचेगा आतंकिस्तान

**आश्चर्य** है कि जिस देश का पर्याय नाम 'आतंकिस्तान' हो, जो आतंकियों की फंडिंग के गंभीर आरोपों में 'फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स' (फाट्फ) की 'ग्रे सूची' में तीन बार डाला जा चुका हो, जिस देश में 'अलकायदा' के सरगना और 9/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन को अमरीकी सैनिकों ने ढेर किया हो, जिस देश में पाले-पोसे गए आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर में, बीते 35 सालों में, करीब 45,000 मासूम, बेगुनाह लोगों की हत्याएं की हों, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने जिन आतंकियों और उनके संगठनों पर पाबंदियां चस्पा की हैं, उस सूची में अधिकतर नाम जिस देश के आतंकियों के हों, जिस देश के रक्षा मंत्री ने कबूल किया हो कि अमरीका, ब्रिटेन और पश्चिमी देशों की मदद के लिए उनके देश ने, बीते 30 सालों में, आतंकियों को पाला-पोसा था, उस देश का नाम पाकिस्तान है, जिसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की दो महत्वपूर्ण समितियों में ओहदे दिए गए हैं। पाकिस्तान को 'तालिबान प्रतिबंध समिति' का अध्यक्ष और 'काउंटर टेररिज्म कमेटी' का उपाध्यक्ष बनाया गया है। पिछली कमेटी में रूस और फ्रांस भी पाकिस्तान के साथ हैं और तालिबान वाली समिति में रूस और गयाना को भी रखा गया है। बेशक सुरक्षा परिषद की व्यवस्था कुछ भी हो और हर माह ये पदेन जिम्मेदारियां बदलती रहती हैं, लेकिन संयुक्त राष्ट्र के स्तर पर विवेक और बुद्धि का जड़ होना बेहद गंभीर संकेत है।

देश में 'अलकायदा' के सरगना और 9/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन को अमरीकी सैनिकों ने ढेर किया हो, जिस देश में पाले-पोसे गए आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर में, बीते 35 सालों में, करीब 45,000 मासूम, बेगुनाह लोगों की हत्याएं की हों, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने जिन आतंकियों और उनके संगठनों पर पाबंदियां चस्पा की हैं, उस सूची में अधिकतर नाम जिस देश के आतंकियों के हों, जिस देश के रक्षा मंत्री ने कबूल किया हो कि अमरीका, ब्रिटेन और पश्चिमी देशों की मदद के लिए उनके देश ने, बीते 30 सालों में, आतंकियों को पाला-पोसा था, उस देश का नाम पाकिस्तान है, जिसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की दो महत्वपूर्ण समितियों में ओहदे दिए गए हैं। पाकिस्तान को 'तालिबान प्रतिबंध समिति' का अध्यक्ष और 'काउंटर टेररिज्म कमेटी' का उपाध्यक्ष बनाया गया है। पिछली कमेटी में रूस और फ्रांस भी पाकिस्तान के साथ हैं और तालिबान वाली समिति में रूस और गयाना को भी रखा गया है। बेशक सुरक्षा परिषद की व्यवस्था कुछ भी हो और हर माह ये पदेन जिम्मेदारियां बदलती रहती हैं, लेकिन संयुक्त राष्ट्र के स्तर पर विवेक और बुद्धि का जड़ होना बेहद गंभीर संकेत है।

संयुक्त राष्ट्र ने ही पाकिस्तान के आतंकवाद पर कई बार सवाल उठाए हैं और हाफिज सईद, मसूद अजहर, जकी उर रहमान लखवी, सैयद सलाहुद्दीन सरीखे आतंकियों और उनके संगठनों को प्रतिबंधित कर रखा है। अमरीका ने कई पाकपरस्त आतंकियों पर महंगे इनाम की भी घोषणाएं कर रखी हैं, लिहाजा आश्चर्य होता है कि एक घोषित आतंकिस्तान सुरक्षा परिषद का गैर-स्थायी सदस्य रहते हुए तालिबानी आतंकवाद की जांच करेगा और आतंकवाद से लडने के सुझाव भी देगा, मुहिम भी चलाएगा! दिलचस्प यह है कि तालिबान आतंकी गुट के उभार और प्रश्रय में पाकिस्तान का पूरा योगदान रहा है। आज 'तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान' नाम का आतंकी संगठन पाकिस्तान में ही सक्रिय है और बड़े-बड़े हमले, जानलेवा विस्फोट करता रहा है। पाकिस्तान के खैबर इलाके में इस संगठन का लगभग वर्चस्व है और वे पाकिस्तान के फौजियों की हत्याएं करते रहे हैं। अहम सवाल यह है कि पाकिस्तान अध्यक्ष के तौर पर तालिबान के खिलाफ नए प्रतिबंधों की सिफारिश किस आधार पर करेगा? अभी हाल ही में पाकिस्तान के विदेश मंत्री और अफगानिस्तान की स्वयंभू तालिबान सरकार के विदेश मंत्री की मुलाकात चीन के विदेश मंत्री ने अपने देश में कराई थी। चीन यह दोस्ती 'इस्लाम' के आधार पर करवा रहा है, लेकिन अफगानिस्तान भारत के साथ अपने संबंध प्रगाढ़ रखना चाहता है। यही मलेशिया और इंडोनेशिया ने भी किया और पाकिस्तान की 'इस्लामी थ्योरी' को खारिज कर दिया। बेशक सुरक्षा परिषद की बैठकों में भारत पाकपरस्त आतंकवाद को बेनकाब करेगा। दरअसल कुछ बुनियादी गलतियां अमरीका ने की हैं। एक तरफ अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप भारत-पाक को एक ही तराजू में तोलते हुए दोनों देशों को 'महान' करार देते हैं, तो दूसरी तरफ अमरीका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर आतंकवाद के खिलाफ भारत को मजबूत समर्थन की बात करते हैं। अमरीकी सांसद ब्रेड शेरमैन पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो को लताड़ लगाते हुए कहते हैं-'पाकिस्तान पहले जैश-ए-मुहम्मद को तो खत्म करे।' यदि अमरीका और चीन पाकिस्तान को समर्थन नहीं देते, तो सुरक्षा परिषद में यह ओहदेदारी पाकिस्तान को नहीं मिल सकती थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और एशियन विकास बैंक से भी अरबों के बेलआउट पैकेज पाकिस्तान को नहीं मिल सकते थे, यदि अमरीका मदद न करता। इसके मायने ये भी हो सकते हैं कि भारत की विदेश नीति पिछड़ गई है, क्योंकि अमरीका पाकिस्तान को ज्यादा भाव दे रहा है। अमरीका की यह दोगली कूटनीति है। एक ओर भारत उसका रणनीतिक साझेदार है, लेकिन आतंकवाद पर अमरीका दोगली नीति खेल रहा है। क्या जी-7 देशों के शिखर सम्मेलन के दौरान मोदी-ट्रंप दोगली कूटनीति-आतंकिस्तान पर बात करेंगे।

आप का नजरीया

# छावनी क्षेत्रों से छूटते नागरिक

**देश** के सैन्य छावनी क्षेत्रों से बाहर होती जनता की मुसीबतें-जरूरतें स्वशासन की नई तहजीब में कुछ पाना चाहती हैं। ब्रिटिश काल की पद्धति में छावनी क्षेत्रों का प्रबंधन, एक सख्त अनुशासन परंपरा के तहत होता आया है, जहां नागरिक अधिकारों की गुंजाइश में आजादी के बाद का स्वतंत्र माहौल नहीं मिला। छावनी क्षेत्रों की नागरिक बस्तियों में कई दीवारें और प्रतिबंध रहे, जो अब आफत बन कर दर्ज हो रहे हैं और इस तरह की व्यवस्था से मुक्त होकर नागरिक एहसास को सामान्य यानी स्थानीय निकायों में खुली सांस लेने का रास्ता खोला जा रहा है। सैन्य छावनियों से मुक्त होता नागरिक एकांत अब इस मोड़ पर है कि आने वाले दिनों में 36 और क्षेत्रों के पिंजरे पूरी तरह खोल दिए जाएंगे। हिमाचल में पहले ही योल छावनी नागरिक समाज को अलविदा कह चुकी है और अब सुबाथु, डगशाई, कसौली, डलहौजी, बकलोह व जतोग जैसे छह इलाके भी उन्मुक्त हवाओं के बाशिंदे बन जाएंगे। यह जरूरी कदम हो सकता है, क्योंकि स्वतंत्र भारत में नागरिक समाज का ढर्रा, सियासत के परिदृश्य में अपने हर आसमान को खोलना चाहता है। दरअसल छावनी क्षेत्रों की देखभाल में बजटीय प्रावधान कमजोर होते चले गए और जहां राज्य की योजनाएं भी अछूत बनी रहीं। राष्ट्रीय व राज्यीय व्यवस्था से अलग छावनी क्षेत्रों की सामान्य जनता पर अनुशासन के पहरों में जीना मुहाल हुआ, तो इसी आबादी से निकले मोर्चे खुद को बाहर निकालने का संघर्ष करते रहे। अब अगर 36 छावनी क्षेत्रों का नागरिक भूखंड अलग कर दिया जाता है, तो करीब 35 लाख की आबादी के सपने बदल जाएंगे। उनके कदम, उनकी मंजिलें बदल जाएंगी। हिमाचल के भीतर योल छावनी के बाद बचे छह क्षेत्र भी इस अभिप्राय से एक नई सुबह की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यह दीगर है कि इस छूट के आगे का सफर सुनिश्चित और पुख्ता करना चाहिए। कल अगर ये सारे क्षेत्र स्वयं को ग्रामीण घोषित करके पंचायत की चौपाल सजा लें, तो उन परंपराओं और व्यवस्था का क्या होगा, जिसके तहत नागरिक जीवन के कई दशक गुजरे हैं। उदाहरण के लिए योल छावनी क्षेत्र में एक बड़ा नागरिक समुदाय आज पुरानी व्यवस्था से अलग होकर निरंकुश चौराहे पर खड़ा है। कमोबेश छावनी क्षेत्र में रहते हुए नागरिकों को ट्रैफिक, जल व विद्युत आपूर्ति, सफाई व्यवस्था, शहरी जीवन की कसौटियां तथा सैन्य प्रबंधन के बीच आज्ञा पालन का अनुशासित बोध होता था। कल योल छावनी की तरह कसौली में नागरिक कस्बा खुद को गांव घोषित कर दे या सुबाथु की जनता पंचायत घर के करीब खड़ी हो जाए, तो उनकी गलियों में आएगी गंदगी की बरसात और नालियों में बहेगा रिसाव। अतः छावनी क्षेत्रों से बाहर निकले हुए नागरिक समाज को टीसीपी के दायरे में शहरी निकायों के तहत लाना होगा, ताकि परिवेश के उच्च मानदंडों में व्यवस्था बनी रहे। योल छावनी से बाहर जनता तो छिटक गई, लेकिन वर्षों से जारी व्यवस्था बिखर गई। दोनों व्यवस्थाओं के बीच आपसी द्वंद्व बढ़ गए, नतीजतन आर्मी एरिया के ठीक बाहर गंदगी और अव्यवस्था का आलम तकलीफदेह हो गया है।

## अशोक गहलोत और सचिन पायलट जैसे दो दमदार और धुर विरोधी कांग्रेस नेताओं की मुलाकात से सियासी हलकों में हलचल है

# दोनों नेता तो मिले, लेकिन दिल भी मिलें, तो बात बने!

राकेश दुबे

राजस्थान की राजनीति में इस मुलाकात के मायने तलाशे जा रहे हैं। दोनों नेताओं के रिश्ते बेहद तनावपूर्ण रहे हैं। राजस्थान में दिसंबर 2018 में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद जब पायलट मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी प्रबल दावेदारी जता रहे थे, तब कांग्रेस आलाकमान ने अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री और पायलट को उपमुख्यमंत्री बनाया था। इसके बाद से ही पायलट लगातार नाराज रहे और महज डेढ़ साल में ही दोनों नेताओं के बीच मतभेद गहरे हो गए। पायलट ने जब उप मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष पद पर रहते हुए, मानेसर से अपनी ही पार्टी की सरकार पलटने की कोशिश की थी, और गहलोत ने बाद में पायलट को 'निकम्मा' और 'नकारा' तक कहा था।

**वैसे** तो दो नेताओं का मिलना बहुत आम बात है, लेकिन अशोक गहलोत और सचिन पायलट जैसे दो दमदार और धुर विरोधी कांग्रेस नेताओं की मुलाकात से सियासी हलकों में हलचल है। राजस्थान की राजनीति में इस मुलाकात के मायने तलाशे जा रहे हैं। दोनों नेताओं के रिश्ते बेहद तनावपूर्ण रहे हैं। राजस्थान में दिसंबर 2018 में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद जब पायलट मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी प्रबल दावेदारी जता रहे थे, तब कांग्रेस आलाकमान ने अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री और पायलट को उपमुख्यमंत्री बनाया था। इसके बाद से ही पायलट लगातार नाराज रहे और महज डेढ़ साल में ही दोनों नेताओं के बीच मतभेद गहरे हो गए। पायलट ने जब उप मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष पद पर रहते हुए, मानेसर से अपनी ही पार्टी की सरकार पलटने की कोशिश की थी, और गहलोत ने बाद में पायलट को 'निकम्मा' और 'नकारा' तक कहा था। इस ताजा मुलाकात को कोई गहलोत की जादूगरी बताता है, तो कोई विमान को उड़ाने के लिए रनवे पर आने की पायलट की मजबूरी। हालांकि पायलट का गहलोत से मिलने जाना और दोनों के द्वारा इस मुलाकात को सार्वजनिक करना, यह दर्शाता है कि दोनों व्यक्तिगत मतभेदों को पीछे छोड़कर नए सिरे से कांग्रेस को मजबूत करने की सोच रहे हैं। लेकिन इसके वास्तविक परिणामों के लिए अभी लंबी प्रतीक्षा करनी होगी, क्योंकि राजनीति में नेता तो आसानी से मिल लेते हैं, मगर दिल आसानी से नहीं मिलते। गहलोत और पायलट, दोनों ने 7 जून की अपनी इस मुलाकात तो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक करके एक सकारात्मक छवि बनाने की कोशिश की। गहलोत ने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर लिखा – अखिल भरतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट ने आवास पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। मैं और राजेश पायलट जी 1980 में पहली बार एक साथ ही लोकसभा पहुंचे एवं लगभग 18 साल तक साथ में सांसद रहे। उनके आकस्मिक निधन का दुख हमें आज भी बना हुआ है। उनके जाने से पार्टी को भी गहरा आघात लगा। दूसरी तरफ सचिन पायलट ने भी नपे तुले शब्दों में अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा – आज पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी से मुलाकात की। मेरे पिता स्व. राजेश पायलट जी की 25वीं पुण्यतिथि पर 11 जून को दौसा में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में उन्हें शामिल होने के लिए निवेदन किया। सियासी हलकों में इस मुलाकात के गहरे



राजनीतिक निहितार्थ देखे जा रहे हैं। नई दिल्ली में कांग्रेस की राजनीतिक गतिविधियों पर गहरी नजर रखने वाले वरिष्ठ पत्रकार आदेश रावल को पायलट का करीबी माना जाता है, उन्होंने 'एक्स' पर केवल इतना ही लिखा कि समय ही बलवान होता है। राजनीतिक विश्लेषक निरंजन परिहार, भारत सरकार के नागरिक विमानन राज्य मंत्री रहे गहलोत से पायलट की इस मुलाकात पर उड्डयन सिद्धांतों का हवाला देते हुए कहते हैं कि विमान को जब नई उड़ान भरनी हो, तो पायलट को अपना विमान रन वे पर लाना ही पड़ता है। परिहार कहते हैं कि गहलोत और पायलट की मुलाकात का प्रभाव तभी स्पष्ट होगा, जब दोनों कांग्रेस को फिर से सत्ता में लाने के लिए काम करेंगे। वरिष्ठ पत्रकार शरत कुमार अपने एक वीडियो में कहते हैं कि पायलट ने गहलोत से मिलने की जो पहल की है, उसके बाद अब गहलोत पर बड़ी जिम्मेदारी है कि वे भी अपना बड़ा दिल दिखाएं। पायलट के कट्टर समर्थक शरत कहते हैं कि दोनों नेताओं के बीच की ये विश्वास बहाली आगे क्या गुल खिलाती है, यह तो पता नहीं, लेकिन कांग्रेसी इससे खुश हैं। कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति जानने वाले वरिष्ठ पत्रकार संदीप सोनवलकर इसे पायलट का राजनीतिक समर्पण मानते हैं। सोनवलकर कहते हैं कि गहलोत के प्रति आलाकमान के अब तक के राजनीतिक रवैये से सचिन को समझ में आ गया है कि उनसे टकराव छोड़कर सामंजस्य किए बिना राजस्थान में उभरना आसान नहीं है। राजस्थान के प्रमुख न्यूज चैनल 'फर्स्ट इंडिया' के सहयोगी संपादक नरेश शर्मा कहते हैं कि इस मुलाकात में गहलोत ने भी बड़ा मन दिखाकर पुराने विवादों को भुलाया और राजेश पायलट की पुण्यतिथि के समारोह में जाने का मन बनाया है। उल्लेखनीय है कि सन 2018 में अशोक गहलोत जब तीसरी बार प्रदेश के मुख्यमंत्री बने, तो सत्ता पाने में नाकामयाब रहे पायलट लगातार नाराज रहे। उप मुख्यमंत्री तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पदों पर रहते हुए पायलट की पार्टी विरोधी गतिविधियां देखी गईं और दोनों पदों से जून 2020 में उनको बर्खास्त किया गया। उसके बाद से ही राजस्थान कांग्रेस में गुटबाजी की खाई पहले से कुछ ज्यादा बढ़ गई, और दुराव का दौर भी लगातार जारी रही। कुछ लोग गहलोत और पायलट की इस मुलाकात को कांग्रेस में गुटबाजी समाप्त करने और एकता के नए प्रयास सहित भविष्य की रणनीति के मजबूत संकेत के रूप में देख रहे हैं। तो कुछ का कहना है कि बहुत संभव है कि राजेश पायलट की पुण्यतिथि के बहाने गहलोत को पटखनी देने के लिए पायलट का दांव हो, या यह भी संभव है कि अपने आप को विनम्रता की मूरत के रूप में स्थापित करने के साथ ही सदाशयता से सबको साथ लेकर चलने वाला साबित करने की भी पायलट की कोशिश हो। वैसे, माना जा रहा है कि यह मुलाकात कांग्रेस की आंतरिक एकता को मजबूत करने का संदेश है। क्योंकि गहलोत और पायलट के बीच की खटास ज्यादा बढ़ने का कारण सन 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार को माना गया। लगभग जीती हुई बाजी कांग्रेस हार गई थी। कांग्रेस नेता पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक ने खुलकर कहा था कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार न बनने देने में पायलट का ही सबसे बड़ा हाथ रहा। क्योंकि पायलट को लग रहा था कि कांग्रेस की सरकार फिर बन गई, तो अशोक गहलोत ही मुख्यमंत्री बनेंगे, इसी कारण उन्हीं ने कांग्रेस के उम्मीदवारों का हराया और अपनी जाति के गुर्जर लोगों को कांग्रेस को वोट न देने के लिए प्रेरित किया। मलिक के इस बयान को कांग्रेस नेतृत्व ने भी गंभीरता से लिया था। लेकिन, अब उसी तस्वीर में देखें, तो पायलट का गहलोत के घर जाना और उनसे मुलाकात करना, दोनों नेताओं के बीच सुलह के प्रयास के रूप में देखा जा सकता है। खासकर तब, जब 2028 के राजस्थान विधानसभा चुनाव पर कांग्रेस की नजर हैं। राजनीतिक ताकत देखें, तो कांग्रेस में गहलोत और पायलट दोनों की अपनी-अपनी क्षेत्रीय और सामाजिक पकड़ है। मुख्यमंत्री रहते हुए गहलोत ने जो जनहित के जो लोकप्रिय योजनाएं चलाईं, उनको प्रदेश की जनता आज भी याद करती है। अतः यह मुलाकात राजस्थान में कांग्रेस की जमीनी स्तर पर मजबूती के लिए रणनीतिक कदम हो सकती है। गहलोत का राजनीतिक प्रभाव, उनके अनुभवी नेतृत्व और ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत आधार पर टिका है, जबकि पायलट युवा नेतृत्व और गुर्जर समुदाय में अपनी लोकप्रियता के लिए जाने जाते हैं।

देश दुनीया से

# नशे का राक्षस : कारण एवं निदान

**आज** प्रदेश के युवा वर्ग में नशे का प्रचलन बढ़ता जा रहा है तथा उसी प्रकार नशे से हो रही मौतों का आंकड़ा भी दिन प्रति दिन बढ़ता जा रहा है। यह गंभीर चिंता का विषय है कि इस समय हिमाचल प्रदेश की कुल जनसंख्या में 35.25 प्रतिशत युवा हैं जो राष्ट्रीय स्तर पर 34.80 प्रतिशत से भी अधिक हैं। युवा शक्ति ही देश व प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य के आधार हैं, इसलिए युवाओं को नशे से बचाने के लिए सार्थक रूप से पहल करनी होगी, ताकि युवा सही दिशा में आगे बढ़ सकें। अगर युवा शक्ति नशे की चपेट में आ रही है, तो नशा रूपी राक्षस को किस तरह समाप्त किया जा सके, इस विषय में समाज को गंभीर चिंतन करना होगा। एनसीआरबी की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत में विभिन्न राज्यों में नशीले पदार्थों से संबंधित अपराधों की दर अलग-अलग है, लेकिन एक बात साफ है कि नशे का जो प्रचलन पूरे देश में सामान्य तरीके से बढ़ता जा रहा है, इसके कई कारण हैं। इन कारणों में मुख्य रूप से निष्क्रिय जीवन शैली होना, युवा वर्ग को उचित मार्गदर्शन का अभाव, पारिवारिक कलह, माता-पिता द्वारा बच्चों की तरफ ध्यान न देना, गलत संगत, अवसाद, तनावग्रस्त रहना, प्रेम में हताशा, महत्वाकांक्षी होना, हाई प्रोफाइल जीवन शैली की लालसा, समाज में नशे को शान का प्रतीक समझना, नशे की उपलब्धता एवं पहुंच आसान होना एवं अन्य मनोवैज्ञानिक कारण भी नशे की लत के कारण हैं। नशे की आदत अन्य जघन्य अपराधों की जननी है। नशेड़ी बच्चे घर में चोरियां करने के अतिरिक्त अपने माता-पिता से मारपीट तथा उनकी हत्या करने में भी हिचकते नहीं हैं। इसलिए जरूरी है कि नशे रूपी राक्षस को जड़ से खत्म किया जाए। निष्क्रिय जीवन शैली : यह सत्य है कि आज से 20-25 साल पहले हिमाचल प्रदेश में चिट्टा, हिरोइन, एलएसडी या अन्य सिंथेटिक ड्रग्स की उपलब्धता नहीं थी लेकिन उस समय गांव के लोगों की जीवन शैली भी सक्रिय थी। उस समय की दिनचर्या में सुबह उठते ही गांव के लोग गाय-भैंसों को चराते, खेती में व्यस्त रहते, दूर-दूर से पानी एवं चूल्हे के लिए लकड़ी लाते एवं प्रकृति के नजदीक रहते। नगरों और शहरों में व्यक्ति सुबह और शाम के समय खेलते और सैर करते, युवा वर्ग घर के कामकाज व स्कूल के कार्य को खत्म कर खेलों में व्यस्त रहता था। इस व्यस्तता के चलते व्यक्ति को नशा करने या अन्य नकारात्मक बातों को सोचने का समय ही नहीं मिलता था। इसके विपरीत आज के युवा वर्ग को खेलों के प्रति कोई दिलचस्पी नहीं है व न ही वे घर का कार्य करते हैं। आज का युवा घर के कामकाज में हाथ नहीं बंटाता है, जिसके कारण उसका दिमाग अन्य कार्यकलापों में न लगकर नशे के प्रति उसका झुकाव बढ़ता जा रहा है। सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रयोग : सोशल मीडिया और ड्रग्स की लत दोनों ही गंभीर समस्याएं हैं जो व्यक्ति के जीवन को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती हैं तथा सोशल मीडिया के अत्यधिक प्रयोग के कारण आज का नौजवान नशाखोरी की आदत की तरफ आकर्षित हो रहा है। सोशल मीडिया पर लाइक, कमेंट्स व अन्य प्रतिक्रियाओं से डोपामाइन नामक रसायन का स्राव होता है, जो हमें खुशी और संतुष्टि का अहसास कराता है। इसका अत्यधिक प्रयोग हमें वास्तविक जीवन से दूर करता है। सोशल मीडिया की तरह जब कोई व्यक्ति ड्रग्स, शराब या कोई और नशा करता है, तब भी डोपामाइन हार्मोन रिलीज होता है जो उसे खुशी का अहसास देता है। ऐसे में खुशी पाने के लिए व्यक्ति को ज्यादा नशे की जरूरत पड़ती है। ड्रग्स प्रयोग के दीर्घकालिक प्रयोग से मानव मस्तिष्क की रासायनिक प्रणालियों में भी परिवर्तन आता है। लेकिन जब बच्चों के मस्तिष्क में ये परिवर्तन आते हैं, तो माता पिता जानकारी के अभाव में इन परिवर्तनों को नजरअंदाज करते हैं तथा बच्चों में आए चिड़चिड़ापन, धैर्य की कमी, छोटी छोटी बातों पर लड़ाई, बच्चों की जीवनशैली में परिवर्तन, घर में चोरी आदि की घटनाओं को आज भी दैवीय शक्ति के नाराज होने व दैवीय प्रकोप मानते हैं, जिसके कारण वे अंधविश्वास का शिकार होते हैं तथा चेलों या बाबाओं के पास इनका आना-जाना लगा रहता है। बच्चों के मानसिक पटल पर आए परिवर्तनों को समझ नहीं पाते हैं तथा उनका बच्चा नशे की गिरफ्त में गंभीर रूप से फंस जाता है। एक अध्ययन के अनुसार इंटरनेट के प्रयोग द्वारा सबसे बड़ी डार्क वेब वेबसाइट्स में 50 ऐसे बाजार हैं, जहां पर बड़े पैमाने पर अवैध ड्रग्स का ऑनलाइन कारोबार हो रहा है। सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर नौजवान जो कुछ भी देखते हैं, उसके प्रभावों के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील होते हैं, क्योंकि यह आयु वर्ग साथियों के प्रभाव और दबाव के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होता है। संतान की परवरिश में कमी : कई बार देखा गया है कि बच्चों को बिगाडने में माता-पिता भी दोषी होते हैं। माता-पिता अपने बच्चों को सारे सुख एवं सुविधाएं बिना मेहनत के उपलब्ध कराने की कोशिश करते हैं, जिससे कि उनका बच्चा वास्तविक जिंदगी जीने में असफल होता है। इसका खामियाजा उन्हें उनके बच्चों द्वारा गलत संगत में पडक़र, व्यसनी होने के कारण भुगतना पड़ता है। अतः जरूरी है कि माता पिता अपने बच्चों को वास्तविक जिंदगी में आने वाले संघर्षों और कठिनाइयों के बारे में भी बताएं। बच्चों का तनावग्रस्त रहना : आधुनिक जीवनशैली और बच्चों में तनाव के बीच गहरा संबंध है। आधुनिक जीवन में बच्चों को कई तरह के तनाव का सामना करना पड़ रहा है, जैसे कि परीक्षा का दबाव, सोशल मीडिया का प्रभाव और परिवार की अपेक्षाएं। ये तनाव बच्चे के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल सकते हैं। बच्चों को अनावश्यक दवाब या तनाव से बचाने के लिए माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों की बातों को भी ध्यान एवं धैर्य से सुनें तथा उन्हें यह महसूस करने दें कि उनकी राय मायने रखती है। गलत संगत : एक कहावत है 'काजल की कोठरी में कैसो हू सयानों जाय एक लीक काजल की लागे है तो लागे है', इसका भावार्थ है कि आप कितने ही अच्छे हों, अगर आपकी संगत बुरी है तो उसका असर तो पड़ ही जाता है।

कुछ अलग

# अदालती बंदर

**ना** जाने बंदर को क्या सूझी, अदालत परिसर में रहने लगा। खुली खिड़कियों के आरपार बसने लगा। कितनी विडंबना थी कि अदालत परिसर में यह बंदर निरंकुश था। वह न्याय मांगने आए लोगों को डराता। उसने कई शपथपत्र यूं ही खेल खेल में फाड़ दिए। अब अदालत आने वाले, हर पेशी में इसलिए डरते थे कि कहीं 'बंदर' न देख ले। उसकी अपनी बिरादरी में भी धाक थी। गाहे बगाहे वह बंदर समाज को राय देता रहता, बल्कि शहर के बंदर उसके कहे को मानकर अब हमेशा अलग ही लेबल पर रहने लगे थे। उस दिन अदालती बंदर के एक भक्त बंदर ने सब्जी वाले से सेब चुरा लिया। सब्जी वाले ने उसे डांटा नहीं। वह किस किस को डांटे। वो चौराहे पर खड़ा सिपाही हर दिन उठाईगिर बनकर, किसी न किसी ऊपर वाले के नाम नजरबंद चोरी ही तो करता है। खैर बंदर का सेब उठाना आवारा कुत्तों को अच्छा नहीं लगा। उन्होंने डट कर पीछा किया, जोर से भौंके पर बंदर ने सेब नहीं छोड़ा। इस बंदर को अदालती बंदर ने सलाह दे रखी थी, लिहाजा उसने सेब का छोटा टुकड़ा एक कुत्ते की तरफ उछाल दिया था। कुत्ते बंदर को भूल कर अपनी ही बिरादरी के उस कुत्ते के पीछे पड़ गए। बंदर पेड़ से हंस रहा था, एक टुकड़े की खातिर वो कुत्ता अपनों से ही काटा जा रहा था। कुत्ते अब इस बंदर से डर रहे थे। रविवार के दिन शहर के सारे बंदर अदालती बंदर से सलाह करते। ऐसी ही बैठक में अदालती बंदर के सामने सवाल आया, 'हुजूर, हम कब तक गरीब रेहड़ी वालों, राहगीरों से छीनकर या डस्टबिन में ढूंढकर खाएंगे। अब तो हनुमान मंदिर के केले भी हमें नहीं मिल रहे। क्या हमें मुख्यमंत्री के आवास पर खाना मिलेगा। सचिवालय चले जाएं या विधानसभा परिसर में सिर छुपाएं।' अदालती बंदर ने कुछ समय मांगा। बैठकें होती रहीं, लेकिन फैसला नहीं मिला। इस बीच वह अदालत परिसर की जासूसी करने लगा। वह इतना समझ चुका था कि अगर दलील और वकील ठीक हो तो सभी कमा सकते हैं। कुछ ही महीनों में हनुमान मंदिर के बंदरों ने कोर्ट परिसर ज्वाइन कर लिया। अदालत आने वाले बंदरों के भी शिकार हो रहे थे। धीरे-धीरे अदालत आने वालों ने बंदरों की उगाही को समझते हुए कुछ न कुछ लाना शुरू कर दिया। लगभग अदालत की हर कोर्ट की छत के ऊपर कोई न कोई बंदर हर समय उछलने लगा। बंदर न्याय प्रक्रिया के साक्षी बन चुके थे। उस दिन अदालत में हलवाई का केस चल रहा था। फूड इंस्पेक्टर के कहने पर वकील साबित कर रहा था कि उसकी बनाई मिठाई मिलावटी है। उसके घी, चीनी और खोये पर शक था कि सभी मिलावटी हैं। दलील पर दलील अंततः पेशियों में बदल गई। मिलावटी चीनी के लिए गन्ना उगाने वाला किसान पेशी भुगतने लगा। नकली घी और खोये के लिए अंततः गाय को मालिक सहित बुलाया गया। गाय के समर्थन में सारे बंदर थे। इससे पहले कि गाय से पूछा जाता, वह अदालत परिसर में गोबर और गोमूत्र फैला चुकी थी। मामला अब अदालत से ऊपर गोमाता का था। मुसीबत यह थी कि अदालत अगर कार्रवाई जारी रखती तो गोमाता का अपमान होता और अगर गोमूत्र-गोबर को साफ न करवाती तो कानून का अपमान होता।

दृष्टि कोण

# पाकिस्तान की बढ़ती आर्थिक मुश्किलें

**इन** दिनों पाकिस्तान आर्थिक खस्ताहाल स्थिति के बीच एक के बाद एक नए विदेशी कर्ज लेते हुए दिखाई दे रहा है। हाल ही में प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की विकास दर महज 2.6 फीसदी है। राजनीतिक अस्थिरता, बढ़ती महंगाई और खराब विदेशी कर्ज हालात जैसे कारण पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को लगातार पीछे कर रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और पाकिस्तान खस्ताहाल है। मोदी ने पाकिस्तान को चेतावनी भी देते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान भारत में आतंक का निर्यात जारी रखता है, तो उसे आर्थिक रूप से बर्बाद होना पड़ेगा। गौरतलब है कि इस समय ऑपरेशन सिंदूर से लस्त-पस्त पाकिस्तान को भारत पानी की कूटनीति और आर्थिक दबाव व आर्थिक प्रतिबंधों की रणनीति से पूरी तरह पस्त करने की डगर पर लगातार आगे बढ़ रहा है। स्थिति यह है कि भारत के द्वारा पहलागाम आतंकी हमले के बाद विगत 23 अप्रैल से स्थगित किए गए सिंधु जल समझौते ने पाकिस्तान में भूचाल ला दिया है। इतना ही नहीं भारत ने चिनाब नदी पर बगलिहार बैराज के माध्यम से पानी के प्रवाह को रोक दिया है। साथ ही झेलम नदी पर बने किशनगंगा बांध के माध्यम से भी इसी तरह के कदम उठाने की रणनीति बनाई जा रही है। ऐसे में पानी के मुद्दे पर पाकिस्तानी संसद से लेकर सेना तक में बेचैनी देखी जा रही है। पाकिस्तानी सांसद सैयद अली जफर ने संसद में कहा कि अगर हम पानी का मुद्दा सुलझा नहीं पाए, तो भूखे मर जाएंगे। सिंधु बेसिन ही हमारी लाइफलाइन है। 90 प्रतिशत खेती इस पानी पर निर्भर है। यह पाकिस्तान पर मंडरा रहा वॉटर बम है, जिसे



निष्क्रिय करना होगा। वस्तुतः 20वीं सदी की जंग तेल पर थी, 21वीं सदी की जंग पानी पर होगी और पाकिस्तान इस समय दुनिया के पानी की कमी वाले शीर्ष देशों में शामिल है। ऐसे में इस बीच जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 27 मई को तेहरान में एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान कहा कि हम भारत के साथ सिंधु जल संधि समझौते सहित सभी मुद्दों पर वार्ता के लिए तत्परता से तैयार हैं, तब पूरी दुनिया में हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा किया गया यह संकल्प गुंजित हो रहा है कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते हैं। पहले भारत के हक का पानी भी भारत से बाहर जा रहा था। अब भारत का पानी भारत के हक में बहेगा। भारत के हक में रुकेगा और भारत के ही काम में आएगा। संदेश साफ है कि अब भारत इस पर कोई समझौता नहीं करेगा। साथ ही इस परिप्रेक्ष्य में विश्व बैंक के प्रमुख अजय बंगा ने कहा कि सिंधु जल संधि में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान की भूमिका सिर्फ मध्यस्थ की है और वह भारत की ओर से संधि के निलंबन पर कोई दखल नहीं देगा। उल्लेखनीय है कि इस समय सिंधु जल संधि को लेकर पाकिस्तान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। चूंकि पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर रखा है, अतएव पानी संकट से परेशान पाकिस्तान लगातार भारत से गुहार लगा रहा है। 6 जून तक पाकिस्तान ने भारत को चार पत्र लिखकर इस फैसले पर फिर से विचार करने का आग्रह किया है। दूसरी तरफ भारत ने जल संधि को निलंबित करने के फैसले के पीछे सीमा पार आतंकवाद को कारण बताया है। साथ ही जल परियोजनाओं को लेकर भी कुछ तकनीकी आपत्तियां हैं। निश्चित रूप से भारत पाकिस्तान पर आर्थिक दबाव और आर्थिक प्रतिबंधों के कठोरतापूर्वक परिपालन की डगर पर भी तेजी आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि भारत पाकिस्तान को फायनेंशियल एक्शन टॉस्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में वापस लाने की तैयारी कर रहा है। भारत ने हाल ही के दिनों में वैश्विक मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण निगरानी संस्था एफएटीएफ को इस संबंध में जानकारी दी है। यह निर्धारित किया गया है कि भारत की तरफ से एफएटीएफ को एक विस्तृत डोजियर भेजा जाएगा जिसमें मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद की फंडिंग में शामिल संस्थाओं और लोगों के सबूत होंगे और एफएटीएफ से अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के तहत पाकिस्तान पर कार्रवाई की मांग की जाएगी।

# *दिशा* समिति की बैठक में 39 केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा



**बीकानेर ( हिंस )।** केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री और बीकानेर सांसद अर्जुन राम मेघवाल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में केंद्रीय प्रवर्तित 39 योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। मेघवाल ने जल जीवन मिशन को केंद्र सरकार की प्रमुख फ्लैगशिप योजना बताते हुए इसकी प्रगति की विशेष समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस योजना में गुणवत्ता और समयबद्धता से कोई समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं इसकी निगरानी करते हैं और प्रत्येक घर को नल से जल उपलब्ध कराने की दिशा में सभी अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने बताया कि मिशन के तहत 170 लघु और 5 वृहद पेयजल योजनाओं की समीक्षा की जा रही है। इस अवसर पर उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि योजना में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। मेघवाल ने आरडीएसएस योजना के कार्यों की प्रभावी निगरानी और मरुस्थलीय क्षेत्रों में आंधी-तूफान से क्षतिग्रस्त बिजली पोलों को शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए। गर्मी के कारण ट्रांसफार्मर जलने की स्थिति में उन्हें त्वरित रूप से बदलने के लिए अतिरिक्त टीमें तैनात करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कोई भी पात्र परिवार वंचित न रहे। साथ ही अमृत योजना के अंतर्गत सीवरेज और ड्रेनेज के गैप को दूर करने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बीकानेर शहर की स्वच्छता रैंकिंग सुधारने के लिए समन्वित प्रयासों पर बल दिया गया। मेघवाल ने पीएमश्री विद्यालयों की निगरानी, फसल बीमा योजना के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए शिविरों के आयोजन, तथा एडिप व वयोश्री योजनाओं के तहत दिव्यांगजनों को उपकरण उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम मातृ वंदना योजना, पीसीपीएनडीटी एक्ट की प्रभावी पालना और लिंग भेदभाव के खिलाफ सामाजिक जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। अवैध खनन के खिलाफ उपखंड स्तर पर टीमों के गठन का सुझाव दिया गया। केंद्रीय मंत्री ने कोल गैसिफिकेशन, गैसोनेट और गैस पाइपलाइन से जुड़े प्रयासों की जानकारी देते हुए जिले के लिए क्लाइमेट एक्शन प्लान तैयार करने की बात कही। उन्होंने नाइट टूरिज्म की संभावनाओं पर भी चर्चा की।

# युवा रोजगार मेले में एक हजार से अधिक युवाओं ने की शिरकत

**जयपुर ( हिंस )।** वेदांता फाउंडेशन और विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में *युवा रोजगार मेला* का आयोजन किया गया, जो युवाओं को रोजगार दिलाने की एक विशेष ड्राइव का हिस्सा था। इस अभियान के अंतर्गत कुल पांच स्थानों पर रोजगार मेले आयोजित किए जा चुके हैं। जयपुर में आयोजित इस मेले में एक हजार से अधिक युवाओं ने पहुंचकर रोजगार मेले की शोभा बढ़ाई। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को न केवल रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर देश की आर्थिक प्रगति में भागीदारी के लिए प्रेरित करना भी है। इस युवा रोजगार मेला ड्राइव की शुरुआत 27 मई को रींगस स्थित वेदांता पीजी गर्ल्स कॉलेज से हुई। जहां स्थानीय युवाओं ने बड़ी संख्या में भागीदारी की। इसके बाद यह मेला क्रमशः सेंट सोल्जर पब्लिक स्कूल प्रतापनगर, सांगानेर, सेंट सोल्जर पब्लिक स्कूल, सी-स्कीम और बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में आयोजित किया गया। इन सभी आयोजनों में युवाओं की खासी भागीदारी देखने को मिली और उनमें से अनेक को मौके पर ही जॉब ऑफर दिए गए।

# माही डैम के बैक वॉटर में नहाने गए दो बच्चों सहित तीन लोगों की डूबने से मौत

**बांसवाड़ा ( हिंस )।** बांसवाड़ा जिले में माही डैम के निकट बने रेस्ट हाउस के पीछे, डैम के बैकवॉटर में नहाने गए पांच लोगों में से तीन की डूबने से मौत हो गई। डूबने वालों में एक महिलाए और दो बच्चे हैं जो एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। इंदिरा कॉलोनी निवासी मरजीना पत्नी शाहरुख, आफसा पुत्री शाहरुख और अल्पेज पुत्र इमरान, ईद के अवसर पर रिश्तेदारों की मौत की बैठक में शामिल होने के बाद माही डैम घूमने गए थे। पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने बताया कि जैसे ही घटना की जानकारी मिली, तत्काल माही डैम थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और स्थानीय लोगों के प्रयासों से पांच में से दो लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया, लेकिन दुर्भाग्यवश दो महिलाओं सहित तीन लोग गहरे पानी में समा गए। फिलहाल, तीनों शवों को स्थानीय गोताखोरों की मदद से बाहर निकाल लिया गया है और उन्हें महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया गया। इस घटना से इंदिरा कॉलोनी और मृतकों के परिवारों में शोक की लहर दौड़ गई है।

## चुनाव से पहले ज्वाइन करवाए गए कर्मचारियों को वेतन देना भूली सरकार : यूनियन

**हिसार ( हिंस )।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने आरोप लगाया है कि सरकार चुनाव से पहले ज्वाइन करवाए गए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वेतन देना भूल गई है। संघ के अनुसार ग्रुप डी के नए कर्मचारी जिनको आयुक्त कार्यालय ने ज्वाइन करवाया था, उनके नवंबर व दिसंबर 2024 माह के वेतन का सरकार ने आज तक भुकतान नहीं किया है, जिससे कर्मचारियों में रोष है। यूनियन के राज्य वरिष्ठ उप प्रधान अजय कुमार, ऑडिटर ओमप्रकाश माल व जिला सचिव दीपक मेहरा ने सोमवार को बताया कि सरकार ने चुनाव से पहले आनन-फानन में इन कर्मचारियों को ज्वाइन करवाकर राजनैतिक लाभ तो उठा लिया, लेकिन उनके वेतन व अन्य समस्याओ की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। इससे सरकार की कथनी और करनी में अंतर स्पष्ट नजर आता है। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि संगठन इन कर्मचारियों के वेतन भुगतान को लेकर स्थानीय प्रशासन से अपील कर चुका है।

## साधु की डंडों से पीट-पीट कर हत्या, मामला दर्ज

**फरीदाबाद ( हिंस )।** बल्लभगढ़ अनाज मंडी में बेलदारी करने वाले दो-तीन युवकों ने रविवार रात को 55 साल के एक साधु की डंडों से पीटकर हत्या कर दी। यह साधु अनाज मंडी के शेड में ही सोता था। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। आदर्श नगर थाना पुलिस को सोमवार सुबह सूचना मिली कि अनाज मंडी के शेड में एक व्यक्ति मृत पड़ा हुआ है। इसके शरीर पर चोटों के निशान हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम पहुंच गई। पुलिस ने हालात को देख फॉरेंसिक लैब की टीम को बुला लिया। जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान अस्पताल भेज दिया और जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान उत्तर प्रदेश के जिला गौतमबुद्ध नगर स्थित चचूडा गांव निवासी कल्लू उर्फ राजू मूछड़ ने बताया कि वह मंडी में पल्लेदारी का काम करता है। अनाज मंडी में विजय गुप्ता नामक साधु घूमता फिरता रहता था।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान में लगाए जाएंगे दो लाख 75 हजार पौधे

### पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में भूमिका निभाएं जिलावासी



**रेवाड़ी ( हिंस )।** जिला रेवाड़ी में एक पेड़ मां के नाम अभियान-2.0 के तहत दो लाख 75 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। एडीसी अनुपमा अंजलि ने सोमवार को लघु सचिवालय में इस अभियान को जिला में अधिक व्यापक बनाने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक से पूर्व मुख्य सचिव हरियाणा अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इस अभियान को सार्थक बनाने के लिए प्रदेश के सभी उपायुक्त को आगामी प्लान बनाकर कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीसी अनुपमा अंजलि ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए इसे आगे बढ़ाने में योगदान देने का कार्य करें। उन्होंने राष्ट्रव्यापी इस अभियान में रेवाड़ी जिला के हर वर्ग की उल्लेखनीय भागीदारी रहे इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कदम उठाए जाएं। उन्होंने जिला के सभी विभागाध्यक्षों को अपने-अपने कार्यालयों में अधिक से अधिक पौधारोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला की एसटीपी, जलघर आदि क्षेत्रों में भी पौधारोपण करने के निर्देश दिए। एडीसी ने वन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे इस अभियान के साथ आमजन को जोड़ते हुए उनकी अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से प्रदेशभर में महा पौधारोपण अभियान चलाकर सार्वजनिक चिह्नित स्थानों पर पौधरोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार एक पेड़ मां के नाम अभियान के प्रति सक्रिय है और यह अभियान लगातार चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि हमें आने वाली पीढ़ी के बारे में भी सोचना चाहिए और पर्यावरण संरक्षण में अपना दायित्व अवश्य निभाना चाहिए।

# शिक्षा मंत्री को रिश्वत देने पहुंचा सरकारी शिक्षक, किया पुलिस के हवाले



**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को सोमवार को एक चौंकाने वाली स्थिति का सामना करना पड़ा, जब बांसवाड़ा जिले के एक सरकारी शिक्षक ने उन्हें रिश्वत देने की कोशिश की। शिक्षक ने पाठ्यक्रम समिति में शामिल होने की सिफारिश के साथ प्रार्थना पत्र, मिठाई का डिब्बा और पांच हजार रुपये से भरा लिफाफा मंत्री को सौंपा। घटना जयपुर स्थित सिविल लाइंस में मंत्री के सरकारी आवास पर जनसुनवाई के दौरान हुई। आरोपित शिक्षक का नाम चंद्रकांत वैष्णव है, जो घाटोल ब्लॉक के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बुधा में ग्रेड थर्ड शिक्षक के पद पर कार्यरत है। चंद्रकांत राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की पुस्तक लेखन प्रक्रिया में शामिल होने की कोशिश में मंत्री से मिलने पहुंचा था। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि उन्होंने पहले लिफाफे को सामान्य दस्तावेज समझकर रख लिया था। लेकिन जब उनके साथ मौजूद फोटोग्राफर भरत ने जानकारी दी कि लिफाफे में पैसे हैं, तब उन्होंने उसे खोला और उसमें 5,000 रुपये मिले। उन्होंने कहा कि यह उनके राजनीतिक जीवन की सबसे दुखद और शर्मनाक घटना है। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी और चंद्रकांत को वहीं बैठने को कहा। मंत्री के रामगढ़ बांध से लौटने के बाद मामले की जानकारी पत्रकारों को दी गई। फिलहाल, चंद्रकांत वैष्णव से पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है। इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई संभव है। राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में इस घटना की कड़ी निंदा हो रही है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि 35 साल से अधिक राजनीतिक जीवन में कभी ऐसा अनुभव नहीं हुआ। लोगों की सोच इतनी गिर गई है कि वे अब सोचते हैं कि मंत्री पैसे लेकर काम करवाते हैं, यह बेहद दुखद है। शिक्षा विभाग और पुलिस दोनों ही इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं।

## अपराधियों ने एक ही परिवार के तीन लोगों को मारी गोली, मां-बेटी की मौत

**पटना ( हिंस )।** आलमगंज थाना क्षेत्र के न्यू अरफाबाद कॉलोनी में रहने वाली नालंदा चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल (एनएमसीएच) की रिटायर्ड नर्स और उनकी बेटी की सोमवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। अपराधियों ने नर्स के पति को भी गोली मारी है, जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। उनको एनएमसीएच में भर्ती करवाया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। राजधानी पटना में बेखौफ अपराधियों की गोली से नालंदा चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल (एनएमसीएच) की सेवानिवृत नर्स महालक्ष्मी देवी (61) और उसकी पुत्री संथाली कुमारी (22) की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि उनके पति धनंजय मेहता घायल हो गये। घायल धनंजय मेहता को एनएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। धनंजय मेहता को तीन गोलियां लगीं, जिसमें दो पैर में और एक हाथ में लगी है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है। दिनदहाड़े हुइ इस वारदात के बारे में स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ अज्ञात हमलावर मकान में घुसे और ताबड़तोड़ गोलियां चलाने लगे। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने दहशत फैल गयी। उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही आलमगंज थाना पुलिस और पटना सिटी के एएसपी अतुलेश झा मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर जांच शुरू कर दी। फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी और डॉग स्क्वायड की टीमें भी मौके पर पहुंच गईं। आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच भी शुरू कर दी गई है, ताकि हमलावरों की पहचान हो सके। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस मामले में ठोस सुराग मिलने की उम्मीद है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को इस गोलीबारी के पीछे आपसी रंजिश का आशंका है।

# सोनम रघुवंशी से गाजीपुर पुलिस नहीं करेगी पूछताछ : एडीजी

### हनीमून यात्रा के दौरान शिलांग में हुई थी पति राजा की हत्या

**लखनऊ ( हिंस )।** मध्य प्रदेश के इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हनीमून यात्रा के दौरान मेघालय के शिलांग में हुई हत्या मामले में उसकी लापता पत्नी सोनम को गाजीपुर पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस ने सोनम को वनस्टॉप सेंटर में रखा गया है। स्थानीय पुलिस सोनम को मेघालय पुलिस को सौंपने के मेघालय पुलिस का इंतजार कर रही है। इस मामले में यूपी के कानून एवं व्यवस्था अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) अमिताभ यश ने सोमवार को एक बयान जारी कर बताया कि शिलांग में पति राजा रघुवंशी की हत्या के बाद उसकी लापता पत्नी सोनम रघुवंशी बीती रात गाजीपुर जनपद के नंदगंज थाना क्षेत्र स्थित एक ढाबे से बदहवास स्थिति में मिली है। उन्होंने बताया कि उक्त ढाबे से सुबह तीन बजे सोनम ने अपने परिजनों को फोन कर बताया कि वह वाराणसी-गाजीपुर मुख्य मार्ग पर स्थानीय काशी ढाबा पर मौजूद है। इसके बाद परिजनों ने मध्य प्रदेश पुलिस को इसकी जानकारी दी। मध्य प्रदेश पुलिस ने गाजीपुर पुलिस से संपर्क किया। गाजीपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सोनम को हिरासत में लिया और अस्पताल ले जाकर



उसक शारीरिक परीक्षण कराया। इसके बाद सोनम को वन स्टॉप सेंटर भेजा दिया। एडीजी ने बताया कि जांच के लिए मेघालय पुलिस इंदौर में थी। वह सोनम को लेने के लिए गाजीपुर पहुंची रही है। कानूनी प्रक्रिया के तहत सोमन को मेघालय पुलिस के सुपुर्द कर दिया जाएगा। यूपी पुलिस ने कोई भी पूछताछ सोनम से नहीं की है। क्योंकि यह काम मेघालय पुलिस का है। इसी बीच गाजीपुर के पुलिस अधीक्षक ई रजा ने बताया है कि मध्य प्रदेश पुलिस की सूचना के बाद गाजीपुर जिले के नंदगंज थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सोनम को हिरासम में लिया है। सोनम का अस्पताल ले जाकर मेडिकल कराने के बाद उसे वन स्टॉप सेंटर भेज दिया है। इस संबंध में जो भी कार्रवाई होगी। वह मेघालय पुलिस करेगी। सोनम को लेने के लिए मेघालय की पुलिस आ रही है। दरअसल, गाजीपुर पुलिस के मुताबिक इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हनीमून यात्रा के बाद मेघालय के शिलांग में हुई हत्या के बाद से पत्नी सोनम रघुवंशी लापता चल रही थी। रविवार रात गाजीपुर जनपद के नंदगंज थाना क्षेत्र स्थित काशी ढाबे से सोनम ने स्वयं सूचना अपने घरवालों को दी थी।

## सोशल मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी, आरोपी गिरफ्तार



**फतेहपुर ( हिंस )।** जिले में सोमवार को सोशल मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के उधन्नापुर गांव निवासी आदित्य गौतम ने धार्मिक भावनाओं को आहत करते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से हिंदू देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी पोस्ट की थी। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हिंदू धर्म को मानने वालों के बीच आक्रोश व्याप्त हो गया। जिसकी शिकायत लोगों ने पुलिस से की। मामले को गंभीरता से लेते हुए सदर कोतवाल तारकेश्वर राय ने बताया कि आरोपी युवक को तत्काल हिरासत में लेते हुए शांति भंग की आशंका के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया है।

## पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उठाए सरकारी कामकाज की रफ्तार पर सवाल

**जयपुर ( हिंस )।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रमोशन के बावजूद आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की नई पोस्टिंग में देरी पर सवाल खड़े किए हैं उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म *एक्स* पर पोस्ट करते हुए लिखा कि राजस्थान में लगभग हर सरकारी विभाग का हाल खराब चल रहा है। जनवरी, 2025 में प्रमोशन पा चुके तमाम आईएएस, आईपीएस अधिकारी भी अपनी नई पोस्टिंग के छह महीने से इंतजार में हैं। तहसीलदार में प्रमोशन के बावजूद 250 तहसीलदार मजबूरी में अपने कनिष्ठ पद पर ही आसीन हैं। उन्होंने लिखा, इसका असर सरकार एवं प्रशासन के काम पर पड़ रहा है एवं जनता को भयंकर परेशानी हो रही है। ऐसे रुटीन प्रक्रिया के कार्यों में ही जब 6-6 महीने का समय लग रहा है तो बड़े निर्णय ये सरकार कैसे ले सकेगी?

# संभल : मस्जिद के अवैध हिस्से को मुस्लिम समाज के लोगों ने तोड़ा



**संभल ( हिंस )।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में सोमवार को सड़क पर बनी मस्जिद को प्रशासन की निगरानी में मुस्लिम समाज के लोग तोड़ रहे हैं। वहीं, मंदिर का कुछ हिस्सा भी सड़क पर आ रहा है, जिसे हिंदू भाईयों ने तोड़ना शुरू कर दिया है। मौके पर एसडीएम वंदना मिश्रा, पुलिस प्रशासन के लोग मौजूद हैं। एसडीएम ने पत्रकारों को बताया कि जिले में सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। इसी क्रम में एक माह पहले ग्राम अजीजपुर असदपुर के पास रोड पर बनी मस्जिद-दरगाह और मंदिर को देखने टीम पहुंची थी। सड़क निर्माण में मजिस्द आ रही थी, जबकि उसी के सामने मंदिर का अगला हिस्सा भी आ रहा था। प्रशासन ने नोटिस जारी करते अवैध अतिक्रमण को तोड़ने के निर्देश दिए थे। आज उसी नोटिस की कार्रवाई को उनकी देखरेख में कराया जा रहा है। मौके पर तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह और थाना पुलिस मौजूद हैं और मुस्लिम समाज के लोग मस्जिद के कब्जे को तोड़ रहे हैं। वहीं हिंदू समाज के लोग मंदिर के अगले हिस्से को तोड़ कर प्रशासन की कार्रवाई में सहयोग कर रहे हैं। दरगाह के मुतवल्ली अकील अहमद ने बताया कि संभल बहजोई रोड पर याकूब अली शाह की दरगाह है। वैसे तो यह ग्राम अजीड़पुर में आती है। अधिकारियों का कहना था कि आप इसे तुड़वाए यहां रोड बनेगी, इसीलिए हम खुद ही तुड़वा रहे हैं। आगे का पूरा हिस्सा टूटेगा अधिकारियों ने यहां की पैमाईश की है। महावीर प्रसाद ने बताया कि प्राचीन धर्म कूप मंदिर से 40 साल से जुड़ा हुआ हूं। हम पर नोटिस आया था। इस मंदिर को कोई परेशानी नहीं है इसे हम स्वयं तोड़ रहे हैं। इस मंदिर का थोड़ा सा हिस्सा सड़क निर्माण में आया है, जिसमें छज्जा और कुछ सीढ़ियां हैं। यहां पर महाशिव रात्रि पर पांच दिन का मेला लगता है। प्राचीन बरगद का पेड़ परिसर में हैं, लेकिन जो सामने दरगाह और मस्जिद बनी हुई है यह पूरी तरह से अवैध निर्माण था, इसकी रजिस्ट्री भी नहीं है।

# लापता युवक का मिला शव ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**नवादा ( हिंस )।** रोह थाना क्षेत्र के महारावां गांव के पास रतोई पइन में सोमवार को एक युवक शव मिला है। मृतक की पहचान मनीष कुमार (35) के रूप में हुई है। वह शेखपुरा जिले के गगरी गांव का रहने वाला था। मनीष पिछले 13 सालों से अपने मौसा परमेश्वर महतो के साथ महारावां गांव में रह रहा था। परमेश्वर महतो ने संतान नहीं होने के कारण उसे दत्तक पुत्र के रूप में पाला था। मनीष कोलकाता में गोलगप्पे बेचकर अपनी आजीविका चलाता था। मृतक को तीन बच्चा है। 6 दिन पहले ही वह कोलकाता से अपने गांव आया था। बीते मंगलवार को वह महारावां आया था और भोजन के बाद घर से निकल गया। इसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। आज सोमवार को महारावां गांव से पश्चिम दिशा में स्थित रतोई पइन में उसका शव मिला। शव की स्थिति



से लग रहा है कि हत्या कहीं और की गई और एक-दो दिन पहले शव को पइन में फेंक दिया गया। आशंका जताया गया है कि उसका अपहरण कर कहीं हत्या कर दी गई है। पिता ने आरोप लगाया है की सूचना पर पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की गई है। जिसके कारण ही इस तरह की घटना घटी है। अपराधियों ने पहचान छिपाने के लिए शव पर एसिड डालने की बात सामने निकल कर आ रही है। जांच करने के बाद ही या पता चल पाएगा कि एसिड डाला गया है या नहीं है। शरीर पर जलने के कई निशान मिले हैं। घटना से आक्रोशित लोगों ने महरावां के पास रोह-सिउर पथ को जाम कर दिया है। रोह थानाध्यक्ष अविनाश कुमार के अनुसार फॉरेंसिक टीम को घटनास्थल पर बुलाया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि फिलहाल आगे की जांच की जा रही है।



# टाटा स्टील अपने यूके प्लांट में कम कार्बन उत्सर्जन वाला ईएएफ लगाएगा

नई दिल्ली

टाटा स्टील ने अपने यूके स्थित पोर्ट टालबोट प्लांट में कम कार्बन उत्सर्जन वाला इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) लगाने की योजना बनाई है। यह प्लांट जुलाई 2025 से बनना शुरू होगा और 2027 तक इसका संचालन शुरू हो जाएगा। कंपनी ने अपनी वित्त वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार यह नया प्लांट रीसाइकल किए गए स्क्रैप का उपयोग करेगा और इससे 90 फीसदी तक साइट पर कार्बन उत्सर्जन में कटौती संभव होगी। सालाना 3.2 मिलियन टन कम-उत्सर्जन स्टील उत्पादन की क्षमता वाले इस प्रोजेक्ट से अगले 10 वर्षों में 50 मिलियन टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आने का अनुमान है। कंपनी ने बताया कि यह बदलाव लागत को काबू में रखने की रणनीति के साथ किया जा रहा है। टाटा स्टील का लक्ष्य है कि वित्त वर्ष 25 में 762 मिलियन के फिक्स्ड कॉस्ट को अगले साल 540 मिलियन तक घटा दिया जाए।

**नया प्लांट रीसाइकल किए गए स्क्रैप का उपयोग करेगा**

## भारतीय कंपनियों ने 2025 में अपने शेयरधारकों को दिया ज्यादा डिविडेंड

**नई दिल्ली।** पिछले वित्त वर्ष में आय और मुनाफा नरम रहने के बावजूद भारतीय कंपनियों ने अपने शेयरधारकों को ज्यादा डिविडेंड का भुगतान किया है। देश की प्रमुख सूचीबद्ध कंपनियों ने वित्त वर्ष 2025 में कुल 5 लाख करोड़ रुपये का डिविडेंड भुगतान किया, जो 2024 के मुकाबले 10.8 फीसदी अधिक है। इन कंपनियों का कुल मुनाफा भी वृद्धि करके 16 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा है। इस साल कंपनियों ने अपने शेयरधारकों को कुल 5.08 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.7 फीसदी अधिक है परंतु सालाना भुगतान अनुपात में गिरावट आईटी कंपनियों द्वारा पुनर्खरीद बंद करने के कारण हुई है। विश्लेषकों का कहना है कि इस वर्ष कंपनियां उच्च लाभांश भुगतान के माध्यम से बाजार को संतुलित रखने की कोशिश कर रही हैं। मुनाफे में कमी के बावजूद निवेशकों में बांट दिये 5 लाख करोड़ आईटी क्षेत्र में शेयर पुनर्खरीद में कमी आने के बावजूद, अन्य क्षेत्रों में कंपनियां राजस्व और मुनाफे में नरमी से समर्थन दे रही हैं। इस दशक में, कंपनियां अपने शेयरधारकों को सीधे भुगतान के माध्यम से लाभ पहुंचाने के लिए उदार रही हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### एक रुपए के सिक्के की लागत उसकी कीमत से काफी अधिकः रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय मुद्रा प्रणाली में एक रुपये के सिक्के की लागत उसकी कीमत से काफी अधिक होती है। रिजर्व बैंक के अनुसार हर एक रुपये के सिक्के बनाने में सरकार को करीब 1.11 रुपये का नुकसान होता है। यह मामला सिर्फ एक रुपये तक ही सीमित नहीं है। दूसरे सिक्कों की लागत भी उनकी कीमत से अधिक होती है। भारत सरकार मुख्य रूप से मुंबई और हैदराबाद में सिक्कों का निर्माण करती हैं। एक रुपये का सिक्का स्टेनलेस स्टील से बनाया जाता है, जिसका वजन करीब 3.76 ग्राम, व्यास 21.93 मिमी, और मोटाई 1.45 मिमी होती है। यह सिक्का वर्षों तक उपयोग में रह सकता है, जिससे इसकी टिकाऊ प्रकृति साफ झलकती है। सरकार को हर सिक्के पर घाटा हो रहा है फिर भी इनका निर्माण जारी रखती है क्योंकि सिक्के नोटों की तुलना में काफी ज्यादा समय तक चलते हैं। जहां नोटों को कुछ सालों में बदलना पड़ता है, वहीं सिक्के दशकों तक प्रचलन में रहते हैं। यानी एक बार लागत जरूर आती है, लेकिन दीर्घकालिक रूप से यह ज्यादा किफायती और व्यवहारिक साबित होता है।




### पीयूष गोयल 9 से 13 जून तक स्विट्जरलैंड और स्वीडन की यात्रा पर



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 9 से 13 जून तक स्विट्जरलैंड और स्वीडन की आधिकारिक दौरे पर हैं। वाणिज्य मंत्री की इस यात्रा का मकसद आर्थिक और व्यापारिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए साथ-साथ रणनीतिक ट्रेड और विनिवेश संबंधों को आगे बढ़ाना है। गोयल उद्योग जगत के दिग्गजों से मिलेंगे, निवेश बढ़ाने पर होगी चर्चा वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री की इस यात्रा की शुरुआत स्विटजरलैंड से होगी, जहां मंत्री वैश्विक मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) और प्रभावशाली उद्योग जगत की हस्तियों के साथ द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए संभावनाओं का पता लगाएंगे। पीयूष गोयल की बैठकें दोनों देशों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, उद्योग जगत के नेताओं और व्यापार संघों के साथ उच्च-प्रभावी बातचीत को सुविधाजनक बनाने के लिए तय की गई हैं। यात्रा कार्यक्रम में फार्मा और लाइफ साइंसेज, तथा प्रेसिजन इंजीनियरिंग, मशीन टूल्स, हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में प्रमुख स्विस उद्योग जगत के नेताओं के साथ केंद्रित क्षेत्रीय बैठकें शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय वाणिज्य मंत्री की यह यात्रा प्रमुख यूरोपीय देशों के साथ रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को गहरा करने, मजबूत व्यापार और निवेश संबंधों को आगे बढ़ाने में भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। ये दौरा यूरोप की दो सबसे नवीन अर्थव्यवस्थाओं के साथ भारत के जुड़ाव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा।

### चीन के निर्यात में तेजी, अमेरिका के साथ व्यापार में आई कमी



**बीजिंग।** मई महीने में चीन के निर्यात में वृद्धि दर्शाती हुई रिपोर्ट जारी की गई है। इसके विपरीत चीन का अमेरिका को निर्यात 10 प्रतिशत कम है, जैसा कि विभागीय आंकड़ों से पता चला है। चीन के निर्यात मई महीने में पिछले साल की तुलना में 4.8 प्रतिशत बढ़ गया है, जबकि चीन के आयात में 3.4 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। इस समय चीन का अमेरिका को निर्यात 28.8 अरब डॉलर रहा है, जबकि चीन का अमेरिका से आयात 7.4 प्रतिशत घटकर 10.8 अरब डॉलर हुआ है। अप्रैल में वृद्धि के बाद, मई महीने में चीन के वैश्विक निर्यात में धीमी गति देखने को मिल रही है। आगामी सोमवार, ब्रिटेन में चीन और अमेरिका के बीच एक वार्ता होगी, जिसमें चीनी उप-प्रधानमंत्री हुई लेइफेंग भाग लेंगे। साथ ही अमेरिका की टीम में वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट, वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक, और व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीयर भी शामिल होंगे। पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के नेता शी जिनपिंग के बीच एक अच्छी बातचीत हुई थी। इसे एक सकारात्मक माना गया था।

# ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशिया में तेजी का रुख

नई दिल्ली

**ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए थे। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र में मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए थे। वहीं, एशियाई बाजारों में तेजी का रुख बना हुआ है।**



अमेरिका में रोजगार के शानदार आंकड़ों के कारण अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान जोरदार तेजी का माहौल बना रहा। डाउ जॉन्स 450 अंक की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 1.03 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,000.36 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसी तरह नैस्डेक 231.50 अंक यानी 1.20 प्रतिशत उछल कर 19,529.95 अंक के स्तर पर बंद हुआ। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 42,707.39 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद आखिरी वक्त में हुई बिकवाली की वजह से मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,837.91 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,804.87 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर, डीएएक्स इंडेक्स 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,304.46 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में चौतरफा तेजी का माहौल नजर आ रहा है। एशिया के सभी 9 बाजारों में खरीदारी हो रही है, जिसके कारण सभी 9 सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में नजर आ रहे हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.29 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,171 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,939.12 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। कोस्पी इंडेक्स ने बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल यह सूचकांक 1.59 प्रतिशत उछल कर 2,856.90 अंक के स्तर तक आ गया है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 401.82 अंक यानी 1.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 38,146.39 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।


इसके अलावा हैंग सेंग इंडेक्स 240.87 अंक यानी 1.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,033.41 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.63 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,113.42 अंक के स्तर पर, ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 21,818.35 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.26 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,139.40 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.23 प्रतिशत उछल कर 3,393.26 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

### कच्चा तेल 5,469 रुपए प्रति बैरल



**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार में कमजोर मांग को देखते हुए कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को कम किया, जिससे सोमवार को कच्चे तेल का वायदा भाव हल्की गिरावट लेकर 5,469 रुपये प्रति बैरल पर आ गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जुलाई डिलिवरी वाले कच्चे तेल का भाव एक रुपये की गिरावट के साथ 5,469 रुपये प्रति बैरल पर आ गया, जिसमें 6,210 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में कमजोर मांग के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदे कम करने के बाद कच्चे तेल की वायदा कीमतों पर असर पड़ा। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 64.54 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था, जबकि ब्रेंट क्रूड न्यूयॉर्क में मामूली रूप से 0.08 डॉलर गिरकर 66.42 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

# एयरटेल ने डिजीटल धोखाधड़ी रोकने आरबीआई और एनपीसीआई को पत्र लिखा




मुंबई

भारती एयरटेल ने डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने के लिए 40 बैंकों, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) को पत्र लिखा है। इसमें एयरटेल ने कहा है कि उसने एक ऐसा डेटाबेस तैयार करने की योजना बनाई है, जिसमें धोखाधड़ी वाले वित्तीय डोमेन की जानकारी होगी। इसके अलावा एयरटेल ने डिजिटल धोखाधड़ी के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने और सुरक्षित डिजिटल कामकाज को बढ़ावा देने का प्रस्ताव भी रखा है। एयरटेल ने 15 मई को एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित सुरक्षा प्लेटफॉर्म लॉन्च किया था, जो धोखाधड़ी वाली वेबसाइट्स को रीयल-टाइम में ब्लॉक करता है। कंपनी का दावा है कि यह दुनिया का पहला ऐसा प्लेटफॉर्म है। इसे सबसे पहले हरियाणा में शुरू किया गया है और जल्द ही इसे पूरे भारत में लागू किया जाएगा। यह प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ईमेल, वेब ब्राउजर और एसएमएस जैसे कई संचार माध्यमों पर काम करता है। एयरटेल ने एनपीसीआई को पत्र लिखकर डिजिटल पेमेंट सिस्टम को और सुरक्षित बनाने के लिए साझेदारी का प्रस्ताव दिया है।

### मेटा स्केल एआई में 10 अरब डॉलर का निवेश करेगी

**मुंबई।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करने के लिए मेटा स्केल एआई में 10 अरब डॉलर से अधिक का निवेश करने की योजना बना रही है। यह सौदा अगर होता है, तो न केवल मेटा का अब तक का सबसे बड़ा एआई निवेश होगा, बल्कि यह एआई क्षेत्र में किसी प्राइवेट कंपनी के लिए सबसे बड़ी फंडिंग में से एक माना जाएगा। हालांकि फिलहाल इस डील की शर्तों पर चर्चा जारी है और इसमें बदलाव की संभावना बनी हुई है। वैसे मेटा और स्केल एआई की ओर से अब तक इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। स्केल एआई की स्थापना 2016 में एलेक्जेंडर वांग ने की थी और यह कंपनी मशीन लर्निंग मॉडल्स के लिए आवश्यक डेटा को प्रोसेस और लेबल करने में विशेषज्ञता रखती है।

### पीएनबी, बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक ने ब्याज दरें घटाई




हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हिलने वाली अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए रेपो रेट में 50 आधार अंकों की कटौती की थी। इसके बाद पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), बैंक ऑफ इंडिया और यूको बैंक जैसे कई प्रमुख बैंकों ने लोन दरों में कटौती की घोषणा की। पंजाब नेशनल बैंक ने अपनी रेपो-लिंक्ड लेंडिंग रेट को 8.85 प्रतिशत से 8.35 प्रतिशत कर दिया, जबकि बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी लेंडिंग रेट को 8.85 प्रतिशत से 8.35 प्रतिशत किया। यूको बैंक ने अपनी एमसीएलआर को 10 आधार अंकों से कटौती की। इन बदलावों से होम और पर्सनल लोनों में किफायती होगी। इस नयी देय दर के साथ, ग्राहकों को और भी अधिक अनुकूल लोन व्यवस्थाएं मिलेंगी और इसका सीधा स्वाभाविक प्रतिशत, अर्थ व्यवस्था में और गति देगा। यह सर्वांक प्रतिष्ठानों और लोगों के अर्थ समृद्धि में सुधार लाएगा।

# भारत में पहली बार 4 फीसदी से ज्यादा बिकी ई-कार, मई में ताबड़तोड़ 12,304 इलेक्ट्रिक कारें बिकी

नई दिल्ली

**भारत में इलेक्ट्रिक कारों की मांग में धीरे धीरे इजाफा हो रहा है। हाल ही में देखें तो मई 2025 में इलेक्ट्रिक पैसेंजर व्हीकल्स की रिकॉर्ड ब्रेकिंग बिक्री है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल मई 2025 में ईवी की रिटेल सेल कुल कारों की बिक्री का 4 फीसदी से अधिक रही, जो अब तक की सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। मई 2025 में देशभर में 12,304 इलेक्ट्रिक कारों की रिटेल बिक्री हुई, जो पिछले साल मई 2024 की 8,029 यूनिट्स के मुकाबले में लगभग 53 फीसदी की भारी वृद्धि है।**



अप्रैल 2025 में यह आंकड़ा 12,233 यूनिट्स था, जिससे मई में हल्की सी बढ़त देखने को मिली है। पिछले साल इसी समय पर ईवी की हिस्सेदारी 2.6 फीसदी थी, जबकि अप्रैल 2025 में यह 3.5 फीसदी थी। यानी हर महीने इलेक्ट्रिक कारों की लोकप्रियता बढ़ रही है। यह न केवल कार बाजार में बदलाव का संकेत है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि उपभोक्ता अब रेगुलर पेट्रोल-डीजल गाड़ियों की तुलना में ईवी को प्राथमिकता दे रहे हैं।

# दुनिया का सबसे बड़ा कंटेनर जहाज एमएससी इरिना विझिनजाम बंदरगाह पर पहुंचा

नई दिल्ली

दुनिया का सबसे बड़ा कंटेनर जहाज एमएससी इरिना सोमवार को केरल के तिरुवनंतमपुरम में विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह पर सुबह आठ बजे पहुंचा। कंटेरन जहाज के यहां पहुंचने पर उसका स्वागत पारंपरिक जल सलामी के साथ किया गया। ये जहाज मंगलवार तक यहां रहेगा।

दुनिया के सबसे बड़े कंटेनर जहाज एमएससी इरिना ने विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह पर ऐतिहासिक शुरुआत की। दक्षिण एशियाई बंदरगाह की अपनी पहली यात्रा पर आया ये जहाज सुबह 8 बजे बंदरगाह पर पहुंचा, जिसने अल्ट्रा-लार्ज कंटेनर जहाजों (यूएलसीवी) को संभालने में विझिनजाम की क्षमताओं को उजागर किया। एमएससी इरिना, जिसे टीईयू (बीस फुट समतुल्य इकाई) क्षमता के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा कंटेनर जहाज बताया जा रहा है, जो मंगलवार तक बंदरगाह पर खड़ा रहेगा। विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह को अडाणी समूह ने बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2 मई को इसका उद्घाटन किया। दुनिया के सबसे बड़े जहाज का आगमन नए बंदरगाह के लिए मील का पत्थर है।




### एल्युमीनियम के भाव गिरकर 237 रुपए किलो

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता उद्योगों की मांग घटने के कारण प्रतिभागियों द्वारा सौदों के आकार को कम करने से हाजिर बाजार में सोमवार को एल्युमीनियम की कीमत 55 पैसे की गिरावट के साथ 237.25 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जुलाई डिलिवरी वाले एल्युमीनियम अनुबंध की कीमत 55 पैसे अथवा 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 237.25 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। 4,222 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

### फुटबॉल मैदान से लगभग चार गुना लंबा है ये जहाज

एमएससी इरिना जहाज की क्षमता 24,346 टीईयू की है, जो इसे वैश्विक शिपिंग में एक मजबूत खिलाड़ी बनाती है। 399.9 मीटर की लंबाई और 61.3 मीटर की चौड़ाई के साथ यह जहाज फीफा द्वारा नामित एक मानक फुटबॉल मैदान से लगभग चार गुना लंबा है। इस को मार्च, 2023 में लॉन्च किया गया था, जो उसी वर्ष अप्रैल में अपनी पहली यात्रा पर निकला था।

लाइबेरियाई झंडे के नीचे चलने वाला यह जहाज 26 स्तरों तक ऊंचे कंटेनरों को ढेर करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो कंटेनर स्टैकिंग में बेजोड़ क्षमता प्रदान करता है। समकालीन पर्यावरण मानकों के अनुरूप, यह पोत ऊर्जा-बचत सुविधाओं से सुसज्जित है, जो कार्बन उत्सर्जन में 4 फीसदी तक की कमी लाने में योगदान देता है, जिससे परिचालन दक्षता बनाए रखते हुए इसके कार्बन पदचिह्न में उल्लेखनीय कमी आती है।

उल्लेखनीय है कि एमएससी इरिना जहाज का यह स्मारकीय आगमन विझिनजाम बंदरगाह के लिए भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जिसे 2 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र को समर्पित किया था।



# पीवीएल 4 नीलामी : जेरोम विनीत, शमीमुद्दीन और विनीत कुमार सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बने

कालीकट

प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) सीजन 4 की नीलामी में रविवार को जेरोम विनीत सी, शमीमुद्दीन और विनीत कुमार ने सबसे अधिक बोली हासिल कर सुर्खियां बटोरीं। इन तीनों खिलाड़ियों को प्लेटिनम कैटेगरी में 22.5 लाख की कीमत पर खरीदा गया। जेरोम विनीत को चेन्नई ब्लिट्ज ने अपनी टीम में शामिल किया, वहीं शमीमुद्दीन को कालीकट हीरोज और विनीत कुमार को कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने अपनी टीम में जोड़ा।

**कुल 789 खिलाड़ियों की बोली, 10 फ्रेंचाइजियों ने किए 6 करोड़ से अधिक खर्च** – इस बार नीलामी में कुल 789 खिलाड़ी शामिल हुए, जिन पर 10 फ्रेंचाइजियों ने बोली लगाई। कुल 6 करोड़ 8 लाख 50 हजार खर्च गई। हर फ्रेंचाइजी को अपने पुराने खिलाड़ियों को रिटेन करने या उन्हें ऑक्शन पूल में छोड़ने का विकल्प मिला था। विदेशी खिलाड़ियों का चयन ड्राफ्ट सिस्टम से किया गया।

**चेन्नई ब्लिट्ज की खरीदारी** – जेरोम विनीत के अलावा चेन्नई ब्लिट्ज ने एम. अश्विन राज, आदित्य राणा और समीर चौधरी को 8 लाख में, नांजिल सूर्या को 5.75 लाख, टी. श्रीकांत को 6.5 लाख, तरुण गौड़ा के को 4.25 लाख, कैला विष्णु वर्धन बाबू और नमिथ एमएन को 3 लाख में खरीदा।

**कालीकट हीरोज ने बनाई संतुलित टीम** – शमीमुद्दीन के अलावा कालीकट हीरोज ने संतोश एस को 11.5 लाख, मोहनुक्क्रापांडियन को 8 लाख, अब्दुल रहीम और मुकेश कुमार को 4 लाख तथा हारिस, किरणराज थेवलिल और उसामा रहमत को 3 लाख में टीम में शामिल किया।

**कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने भी दिखाई आक्रामकता** – विनीत कुमार के साथ कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने जसजोध सिंह को 14.75 लाख, अमलके थॉमस को 6.5 लाख, जानशाद यू को 4.25 लाख, और अयुष पांडे, निर्मल जॉर्ज, सचिन के, हेमंत पी और एलन अशीक वीएल को 3 लाख में खरीदा।

**अहमदाबाद डिफेंडर्स का मजबूत दांव** – अहमदाबाद डिफेंडर्स ने शॉन टी जॉन को 11.5 लाख, अंगमुथु को 11 लाख, अखिन जीएस को 10.25 लाख में खरीदा। अर्शक सिनान को 8 लाख, पी. प्रभाकरण को 3.25 लाख, जबकि ध्रुविल पटेल, अभिनव बीएस और हर्ष चौधरी को 3 लाख में टीम का हिस्सा बनाया।

**बेंगलुरु टॉरपीडोज़ ने देर से लेकिन बड़ा दांव खेला** – बेंगलुरु टॉरपीडोज़ ने जिश्नू पीवी को 14 लाख में खरीदा। जोएल बेंजामिन जे 6.5 लाख में टीम से जुड़े, वहीं रोहित कुमार और इबिन जोस को 5 लाख में, हिमांशु त्यागी को 4.25 लाख में और संदीप को 3 लाख में टीम में शामिल किया गया। नितिन मिन्हास को 4.2 लाख में खरीदा गया।

**दिल्ली तूफान ने कई बड़े नामों पर दांव लगाया** – दिल्ली तूफान ने मुहम्मद जसीम को 11 लाख, आयुष को 9 लाख, मन्नत चौधरी को 6.5 लाख, जॉर्ज एंटनी को 5 लाख और अभिषेक राजीव, अविनाश व रिजास केआर को 3 लाख में टीम में शामिल किया।

**हैदराबाद ब्लैक हॉक की बड़ी खरीदारी** – हैदराबाद ब्लैक हॉक ने शिखर सिंह को 16 लाख, अमन कुमार को 11.5 लाख, दीपु वेंगुपाल को 5.75 लाख, प्रीत करण को 4.75 लाख, राजनीश सिंह, अथुल और दिग्विजय सिंह को 3 लाख में खरीदा।

**कोलकाता थंडरबोल्ट्स की ठोस टीम** – कोलकाता ने पंकज शर्मा को 6 लाख,शेट्टी को 5 लाख, जितिन एन को 5.75 लाख, सूर्यांश तोमर को 4 लाख, लालसुजन एमवी को 6.25 लाख, मुहम्मद इकबाल को 7 लाख, अमित चौकर को 5 लाख और मुहम्मद फवाज एम को 3 लाख में टीम से जोड़ा।

**मुंबई मीटियर्स का संतुलित चयन** – मुंबई ने लाड ओमवसंत और कार्तिक ए को 8 लाख, सोनू, निखिल और विपुल कुमार को 5 लाख, निखिल चौधरी को 4 लाख और अभिनव सालार व योगेश कुमार को 3 लाख में खरीदा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### तीसरे दिन भारत ए का दबदबा, खलील अहमद चमके, राहुल और ईश्वरन ने लगाया अर्धशतक



**नई दिल्ली।** खलील अहमद की चार विकेट की शानदार गेंदबाजी, इंग्लैंड लॉयंस की निचले क्रम की लड़ाकू पारियां और फिर केएल राहुल व अभिमन्यु ईश्वरन की अर्धशतकीय साझेदारी के दम पर भारत ए ने दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को खुद को मज़बूत स्थिति में पहुंचा दिया है। भारत ए ने तीसरे दिन स्टंप्स तक 4 विकेट पर 163 रन बनाकर 184 रन की कुल बढ़त हासिल कर ली है। खलील की कहर बरपाती गेंदबाजी, लॉयंस ढेर होते-होते बचे दिन की शुरुआत 192/3 से करने वाली इंग्लैंड लॉयंस की टीम 243/8 तक लड़खड़ा गई थी, जहां खलील अहमद ने कहर बरपाया। उन्होंने लगातार विकेट चटकाकर भारत ए को मजबूत वापसी कराई। हालांकि जोश टंग (36*) और फरहान अहमद (24) ने निचले क्रम में जुझारू बल्लेबाजी कर टीम को 327 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। खलील ने 4/70 की शानदार गेंदबाजी की। राहुल-ईश्वरन की साझेदारी ने दिलाई बढ़त दूसरी पारी में भारत ए की शुरुआत खराब रही और यशस्वी जायसवाल एक बार फिर सस्ते में आउट हो गए। लेकिन इसके बाद केएल राहुल (51) और अभिमन्यु ईश्वरन (80) ने 88 रनों की अहम साझेदारी की। राहुल ने पहले पारी के शतक के बाद दूसरी पारी में भी शानदार बैटिंग करते हुए फिफ्टी जड़ी। वहीं, कप्तान ईश्वरन अंत तक टिके रहे और 80 रन की दमदार पारी खेली।

### मार्क मार्केज ने अरागोन ग्रां प्री जीतकर पूरा किया परफेक्ट वीकेंड, डुकाटी का पोडियम पर कब्ज़ा


**अल्कानीज़ (स्पेन)।** डुकाटी के स्टार राइडर मार्क मार्केज ने एक बार फिर साबित कर दिया कि



मोटरलैंड सर्किट पर उनका कोई सानी नहीं है। उन्होंने पोल पोजिशन से शुरुआत करते हुए अरागोन ग्रां प्री में शानदार जीत दर्ज की और चैंपियनशिप में अपनी बढ़त और मज़बूत कर ली। इस जीत के साथ मार्क ने न केवल सीज़न की सातवीं जीत हासिल की, बल्कि इस सर्किट पर रिकॉर्ड सातवीं बार जीतकर इतिहास भी रच दिया। उनके छोटे भाई एलेक्स मार्केज ने ग्रेसिनी रेसिंग के लिए दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि डुकाटी टीम के ही फ्रांसेस्को बगनाइया तीसरे स्थान पर रहे। इस तरह डुकाटी ने पोडियम पर पूरी तरह कब्ज़ा जमाया। सभी सेशनों में दिखाया दबदबा मार्क मार्केज़ ने वीकेंड के हर सेशन – प्रैक्टिस, क्वालिफाइंग, वार्मअप और रेस – में टॉप पर रहकर 2015 जर्मन ग्रां प्री के बाद पहली बार किसी राइडर ने हर सेशन में बढ़त बनाई। उस समय भी ये कारनामा खुद मार्क ने ही किया था। उन्होंने कहा, यह वीकेंड शानदार रहा। हर सेशन में लीड करना, पूरा फोकस बनाए रखना जरूरी था। एलेक्स और पेको (बगनाइया) की रेस पेस तेज थी, लेकिन मैं गैप कंट्रोल करता रहा। भाई के साथ जीत सेलिब्रेट करना बहुत खास था। भाईचारा और सोशल मीडिया पर बना रहा रोमांच रेस से पहले दोनों मार्केज़ भाइयों के बीच सोशल मीडिया पर इस बात को लेकर मज़ेदार बहस चल रही थी कि उनकी मां किसे सपोर्ट करेंगी। रेस जीतने के बाद मार्क ने अपनी मां को डुकाटी की लाल शर्ट भेंट की, जिससे मजेदार लम्हा बन गया। रेस के बाद दोनों भाई घरेलू दर्शकों के सामने हाथ में हाथ डालकर डांस करते भी दिखे, जो उनके सम्मान में बनाए गए विशेष स्टैंड में मौजूद थे।

### टेस्ट सीरीज से पहले गंभीर की देखरेख में भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने जमकर अभ्यास किया

**लीड्स।** भारतीय क्रिकेट टीम ने 20 जून से मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए



अभ्यास शुरु कर दिया है। अभ्यास सत्र में मुख्य कोच यहां गौतम गंभीर खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देते दिखे। इस दौरान मोहम्मद सिराज और ऋषभ पंत के बीच छींटाकसी भी हुई। जसप्रीत बुमराह और शुभमन गिल के बीच भी भी कड़ा मुकाबला हुआ। केंट काउंटी मैदान में भारतीय टीम ने तीन घंटे तक अभ्यास किया। इस दौरान गंभीर ने सभी खिलाड़ियों से बात की पर उनका ध्यान युव खिलाड़ियों पर अधिक रहा। गंभीर ने नेट्स के पीछे खड़े होकर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन के प्रदर्शन को देखा। उन्होंने सुदर्शन को डेब्यू से पहले कई टिप्स भी दिए। सुदर्शन ने आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया था। अभ्यास के दौरान सिराज और ऋषभ के बीच मजेदार मुकाबला हुआ। सिराज तेज गेंदबाजी कर रहे थे पंत पर इसका कोई असर नहीं हुआ। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। इसलिए उम्मीद है कि वह 2020-21 के ऑस्ट्रेलिया दौरे की तरह इस बार भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। सिराज से भी यही उम्मीदें हैं। ऑस्ट्रेलिया में वह थके हुए लग रहे थे।

# ओलंपिक विजेता मैरी टकर ने कहा– एथलीट्स को तराशने का सुनहरा मौका है शूटिंग लीग ऑफ इंडिया

नई दिल्ली

शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) की पहली आधिकारिक घोषणा ने जहां देश में खेल प्रेमियों के बीच उत्साह पैदा किया है, वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर के एथलीट भी इस नए प्रारूप को लेकर काफी उत्साहित हैं। टोक्यो ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट और अमेरिका की स्टार शूटर मैरी टकर ने इस लीग में हिस्सा लेने की अपनी उत्सुकता जाहिर की है।

23 वर्षीय टकर एनसीएए के तहत यूनिवर्सिटी ऑफ केंटकी और वेस्ट वर्जीनिया यूनिवर्सिटी की ओर से खेल चुकी हैं। वह जर्मनी की बुंदेसलीगा में साल्टेंडॉर्फ क्लब का हिस्सा रही हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें टीम फॉर्मेट में खेलने का अनुभव है और यही चीज उन्हें एसएलआई की ओर आकर्षित कर रही है।

मैरी ने सोमवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, मैं लीग्स को लेकर हमेशा उत्साहित रहती हूं। एनसीएए और बुंदेसलीगा में खेलने का अनुभव मुझे टीम भावना की अहमियत सिखा चुका है। दर्शकों की मौजूदगी में पूरे टीम के लिए चीयर करना और सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों का एकसाथ खेलना एक शानदार अनुभव होता है।

एसएलआई का पहला सीजन 20 नवंबर से 2 दिसंबर के बीच खेला जाएगा। इसमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर थ्री पोजिशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) में मिक्स्ड टीम इवेंट्स होंगे। यह फैसला एनआरएआई की टेक्निकल कमिटी ने किया है।

मैरी ने कहा कि, भारत इस समय शूटिंग में बहुत ऊंचे स्तर पर है। ऐसे में भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों को एक-दूसरे के खिलाफ खेलने का यह सुनहरा मौका मिलेगा। इससे भारत में ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी शूटिंग को लोकप्रिय बनाने में मदद मिलेगी।

टकर ने माना कि लीग में खेलने का मनोवैज्ञानिक पहलू भी खास होता है। उन्होंने कहा, जो खिलाड़ी पहले से एनसीएए या बुंदेसलीगा में खेले हैं, उन्हें टीम प्रेशर से निपटने में थोड़ी बढ़त होगी। देश या खुद के लिए खेलने से अलग, जब आप किसी शहर या स्कूल की टीम के लिए खेलते हैं तो उस शहर के लोग आपके पीछे खड़े होते हैं। साथ ही, आप अपने साथियों को निराश नहीं करना चाहते। यह मानसिक दबाव का अलग ही रूप होता है।




### कुलदीप यादव अपनी मंगेतर के साथ नजर आये, रिंकू की मंगेतर भी साथ थीं

**लखनऊ।** क्रिकेटर कुलदीप यादव और रिंकू सिंह आजकल बेहद चर्चाओं में बने हैं। रिंकू की जहां 8 जून को सगाई हुई, वहीं कुलदीप की कुछ दिनो पहले हुई थी। अब कुलदीप की सगाई के अवसर की एक तस्वीर सोशल मीडिया में आई है इसमें वह अपनी मंगेतर और रिंकू सिंह की मंगेतर के साथ नजर आ रहे हैं। तीनों ही पारंपरिक पोशक में है। यह तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है और लोग न केवल उनकी बॉन्डिंग की तारीफ कर रहे हैं बल्कि उनके फैशन सेंस की भी तारीफ कर रहे हैं। कुलदीप ने इस अवसर पर सफेद (आइवरी व्हाइट) कलर की ब्रोकेड शेरवानी पहनी, जिस पर हल्का एम्ब्रॉयडरी वर्क किया गया था। उन्होंने इसके साथ ही मैचिंग चूड़ीदार और ब्राउन फॉर्मल शूज पहने हैं। उनका हेयरस्टाइल और हल्की दाढ़ी उनके पूरे लुक को और भी स्मार्ट बना रही थी। यह लुक एकदम शाही और एलिगेंट लग रहा था, जो किसी भी फेस्टिव या वेडिंग मौके पर परफेक्ट माना जा सकता है।

एसएलआई से उन्हें अपनी व्यक्तिगत शूटिंग में भी सुधार की उम्मीद है। उन्होंने कहा, दुनिया के श्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ यात्रा और ट्रेनिंग करना मेरे खेल को बेहतर बनाएगा। यह अलग-अलग अनुभव देगा और मुश्किल परिस्थितियों से उबरने की सीख देगा।

मैरी को उम्मीद है कि अमेरिका में भी प्रोफेशनल शूटिंग लीग की शुरुआत हो सकती है। उन्होंने कहा, हमारे यहां कॉलेज स्तर पर तो टीमें हैं, लेकिन प्रोफेशनल स्तर पर नहीं। अगर एसएलआई के जरिए दुनिया भर के एथलीट्स एक मंच पर आते हैं, तो अमेरिका में भी शूटिंग को एक नई दिशा मिल सकती है, खासकर 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक से पहले यह एक बड़ा कदम होगा। भारतीय खिलाड़ियों से दोस्ताना रिश्तों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, मैं एलेवेनिल वलारिवन को काफी अच्छे से जानती हूं, और उनका विकास देखना दिलचस्प होगा। साथ ही, अंजुम मौदगिल मेरी अच्छी दोस्त हैं। वह खेल मनोविज्ञान को लेकर काफी सक्रिय हैं और अगर वह युवाओं और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर कोई पहल करती हैं तो मैं उसमें जरूर शामिल होऊंगी। मैरी टकर की यह प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि एसएलआई केवल एक घरेलू पहल नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर शूटिंग स्पोर्ट्स के लिए एक क्रांतिकारी कदम साबित हो सकता है।

# बीसीसीआई ने घोषित किया घरेलू सीजन और साउथ अफ्रीका-ए सीरीज का संशोधित कार्यक्रम

नई दिल्ली

**भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2025 के अंतरराष्ट्रीय घरेलू सीजन और साउथ अफ्रीका ए टीम के भारत दौरे के लिए संशोधित कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। टीम इंडिया (सीनियर पुरुष) इस दौरान वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट, वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ आईडीएफसी फर्स्ट बैंक टेस्ट सीरीज 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी।**

इस सीरीज का दूसरा टेस्ट, जो पहले कोलकाता में होना था, अब दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट मैच 14 नवंबर से शुरू होगा, जिसे दिल्ली से बदलकर अब कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शिफ्ट कर दिया गया है।

महिला क्रिकेट टीम के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वनडे सीरीज के वेन्यू भी बदले गए हैं। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में आउटफील्ड और पिचों के मरम्मत कार्य के चलते यह बदलाव किया गया है। अब सीरीज के पहले दो वनडे मैच न्यू चंडीगढ़ के नए पीसीए स्टेडियम में होंगे, जबकि तीसरा और अंतिम मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा।

साउथ अफ्रीका ए पुरुष टीम भारत दौरे पर दो चार दिवसीय और तीन एक दिवसीय मुकाबले खेलेगी। यह दौरा 30 अक्टूबर से शुरू होगा। चार दिवसीय दोनों मुकाबले बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में होंगे, जबकि तीनों एकदिवसीय मैच पहले एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने थे, लेकिन अब इन्हें राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में शिफ्ट कर दिया गया है।

## टीएनपीएल लीग में अंपायर से बहस करते दिखे अश्विन



दिग्गज स्पिनर आर अश्विन यहां तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) के एक मुकाबले में महिला अंपायर से उलझ गये। इसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया में आई हैं। ये मैच टीएनपीएल में डिंडीगुल ड्रेगन्स और आईड्रीम तिरुपुर तमिजांस के बीच मुकाबला खेला जा रहा था। इस मैच में अश्विन अपनी टीम डिंडीगुल ड्रेगन्स की कप्तानी कर रहे थे। अश्विन ने इस मैच में पारी की शुरुआत करते हए 11 गेंदों में 18 रन बनाये और वह एलबीडब्ल्यू हो गए। उन्हें एक महिला अंपायर ने आउट दिया पर अश्विन इस फैसले से नाराज दिखे। उनका मानना है कि गेंद पैड से टकराई और अंपायर ने तुरंत उंगली उठा दी। अश्विन ने अंपायर से कहा कि गेंद लेग स्टंप के बाहर पिच हुई थी और वह आउट नहीं थे पर अंपायर ने उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया। अश्विन के इस व्यवहार को खेल भावना के विपरीत माना जा रहा है और अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस मैच में अश्विन की टीम का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा। उनकी डिंडीगुल ड्रेगन्स टीम केवल 93 रन ही बना पायी। तिरुपुर तमिजांस ने 11.5 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर जीत हासिल कर दी। इस मैच में गेंदबाजी में भी अश्विन विफल रहे।

## रोनाल्डो ने भविष्य को लेकर अटकलों पर लगाया विराम, अल-नास्र के साथ जुड़े रहेंगे

नई दिल्ली

**सऊदी प्रो लीग क्लब अल-नास्र के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पुष्टि कर दी है कि वे अगला सीजन भी इसी क्लब के साथ खेलेंगे। इस घोषणा के साथ ही उनके भविष्य को लेकर चल रही तमाम अटकलों पर विराम लग गया है।**




40 वर्षीय रोनाल्डो ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में अपना तीसरा खिताब हासिल किया, जब पुर्तगाल ने स्पेन को हराकर यूईएफए नेशंस लीग का खिताब जीता। रोनाल्डो ने फाइनल मुकाबले के दूसरे हाफ में अपना 138वां अंतरराष्ट्रीय गोल किया, जिससे मुकाबला 2-2 की बराबरी पर पहुंचा और फिर पुर्तगाल ने पेनल्टी शूटआउट में जीत हासिल की। हालांकि, रोनाल्डो शूटआउट के समय मैदान पर नहीं थे, लेकिन उन्होंने बेंच से अपनी टीम की जीत का जश्न देखा और भावुक हो गए।

जीत के बाद रोनाल्डो ने सोमवार (भारतीय समयानुसार) को कहा, मेरा भविष्य कुछ खास नहीं बदलने वाला। जब उनसे सीधे पूछा गया कि क्या वह अल-नास्र में ही बने रहेंगे, तो उन्होंने जवाब दिया - हां।

नेशंस लीग खिताब अब रोनाल्डो के यूरो 2016 और 2019 नेशंस लीग जीत के साथ उनकी उपलब्धियों में जुड़ गया है। इस भावुक जीत के बाद रोनाल्डो आंसुओं में नजर आए।

हालांकि, उनका नाम 14 जून से अमेरिका में शुरू हो रहे 32 टीमों के फीफा क्लब वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाली कई टीमों के साथ जुड़ा था, लेकिन उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वह इस टूर्नामेंट में भाग नहीं लेंगे।

रोनाल्डो ने खुलासा किया कि उन्हें अमेरिका की कई क्लबों से प्रस्ताव मिले हैं। अल-नास्र के स्पोर्टिंग डायरेक्टर फर्नांडो हिएरो ने हाल ही में कहा था कि क्लब रोनाल्डो के साथ अनुबंध विस्तार को लेकर बातचीत कर रहा है, हालांकि अन्य टीमें भी उन्हें अपने साथ जोड़ने की कोशिश कर रही हैं।

रोनाल्डो ने दिसंबर, 2022 में मैनचेस्टर यूनाइटेड से अल-नास्त्र का रुख किया था और तब से अब तक उन्होंने 111 मैचों में 99 गोल दागे हैं।

# दस वर्षीय अतीका मीर ने रचा इतिहास, रोटैक्स यूरो ट्रॉफी में शीर्ष 10 में स्थान बनाने वाली पहली भारतीय

त्रिनेक

भारत की 10 वर्षीय रेसिंग प्रतिभा अतीका मीर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। उन्होंने प्रतिष्ठित रोटैक्स यूरो ट्रॉफी के दूसरे चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए नौवें स्थान पर समाप्ति की और इस प्रतियोगिता के शीर्ष 10 में स्थान बनाने वाली पहली भारतीय बन गईं।

स्टील रिंग सर्किट पर आयोजित इस प्रतियोगिता में अक्सेल जीपी टीम का प्रतिनिधित्व कर रहीं अतीका ने प्रारंभिक समय निर्धारण (क्वालिफाइंग) में अपने समूह में सातवां स्थान हासिल किया। हालांकि, बाद की तीन हीट दौरों में उन्हें दो बम्पर दंड मिले, फिर भी उन्होंने दसवें स्थान पर रहते हुए आगे का चरण पार किया।

रविवार को पूर्व-फाइनल के दौरान बारिश होने लगी, और इस मार्ग पर गीली सतह में बिना किसी पूर्व अनुभव के, अतीका ने अपनी असाधारण प्राकृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया



और विश्व के श्रेष्ठ चालकों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा करते हुए अंतिम चरण के लिए स्थान सुरक्षित किया।

अंतिम दौड़ और भी कठिन परिस्थितियों में हुई। अतीका ने दसवें स्थान से आरंभ किया, लेकिन शुरुआत में चार स्थान पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए नौवें स्थान पर समाप्त किया। अतीका न केवल भारत की ओर से, बल्कि एशिया की ओर से भी सबसे आगे रहने वाली चालक रहीं।


प्रतिस्पर्धा के बाद अतीका ने एक आधिकारिक बयान में कहा यह सप्ताहांत अद्भुत रहा। दुनिया के श्रेष्ठ चालकों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए मैंने बहुत कुछ सीखा। सूखे मार्ग पर मेरी गति अच्छी थी और गीली सतह पर भी मेरी प्रगति संतोषजनक रही। मेरी दल और यांत्रिक सहायक (मैकेनिक) आदम ने शानदार कार्य किया। मैं उनकी, अपने माता-पिता और देश के सभी लोगों की आभारी हूं। रोटैक्स यूरो ट्रॉफी (जिसे रोटैक्स मैक्स यूरोपीय प्रतियोगिता भी कहा जाता है) एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्टिंग प्रतियोगिता है जिसमें रोटैक्स मैक्स इंजनों से युक्त गाड़ियों का उपयोग किया जाता है। यही प्रतियोगिता है जिसमें मैक्स वर्स्टापेन, जार्ज रसेल, लैंडो नॉरिस और वर्तमान फॉर्मूला 1 अग्रणी ऑस्कर पियास्त्री जैसे कई नामी चालक अपने करियर की शुरुआत कर चुके हैं।

गौरतलब है कि अतीका मीर फॉर्मूला 1 से तकनीकी और आर्थिक सहयोग प्राप्त करने वाली पहली भारतीय हैं। उनका यह प्रदर्शन भारतीय मोटर रेसिंग के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुआ है।

### कार्लसन ने नॉर्वे शतरंज खिताब जीता, गुकेश को तीसरा स्थान

**नई दिल्ली।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नार्वे के मैगनस कार्लसन ने एक बार फिर नॉर्वे शतरंज टूर्नामिट जीत लिया है। वहीं भारत के डी गुकेश तीसरे स्थान पर रहे हैं। कार्लसन का मुकाबला भारत के अर्जुन एरीगैसी से हुआ जिसमें भारतीय खिलाड़ी ने उन्हे सफेद मोहरों से खेलते हुए क्लासिकल में ड्रॉ पर रोकने के बाद टाईब्रेक आर्मगोडेन में शिकस्त दी हालांकि इस हार के बाद भी कार्लसन को क्लासिकल का एक अंक मिला और वह 16 अंकों के साथ ही शीर्ष पर पर पहुँच गए। ये सातवीं बार है जब कार्लसन को खिताब मिला है। महिला वर्ग में एन पहले नंबर पर , हंपी को तीसरा स्थान इसके बाद भारत के गुकेश के पास नंबर एक पर पहुंचने का अवसर पर वह इटली के फैबियानो कारुआना से हार गये। ऐसे में कार्लसन 16 अंको के साथ विजेता जबकि करूआना 15.5 अंको के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं अमेरिका के हिकारु नाकामुरा 14 अंक बनाकर चौंथे,अर्जुन 13 अंक के साथ ही पांचवें और चीन के वे यी 9.5 अंक बनाकर आखिरी छठे स्थान पर रहे । वहीं महिला वर्ग में भारती की कोनोरु हंप तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं उक्रेन की एन मुज्युचुक 16.5 अंक के साथ ही नंबर एक पर रहीं।

# इस तरह कम करें कोलेस्ट्रॉल




मेडिकल साइंस के इस तथ्य से आप शायद अवगत ही होंगी कि ब्लड में कोलेस्ट्रॉल के स्तर के बढ़ने से हाई ब्लडप्रेशर और और अन्य हृदय रोगों के होने का जोखिम बढ़ जाता है, लेकिन कुछ बातों पर अमल करके आप बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम कर इसे नियंत्रित कर सकती हैं..

## अनहेल्दी फैट से दूर

अनहेल्दी फूड के स्थान पर अपने खानपान में साबुत अनाज, ताजे फल और सब्जियां, फिश, ऑलिव ऑयल, लहसुन, बादाम और अखरोट को शामिल करें।

## कॉफी कम

क्या आपको पता है कि प्रतिदिन तीन से छह कप कॉफी पीने से आपके कोलेस्ट्रॉल में आठ से 10 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है।

## एक्सरसाइज है गुड

हफ्ते में एरोबिक एक्सरसाइज के 30 मिनट के चार सेशन से आपके हाई-डेंसिटी लिपोप्रोटीन (एचडीएल) के स्तर में इजाफा होगा। एचडीएल को गुड कोलेस्ट्रॉल भी कहा जाता है।

## वजन पर नियंत्रण

वजन अधिक होने या मोटापे से ग्रस्त होने से आपके कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी बढ़ जाता है। इसलिए समय-समय पर अपना वजन चेक करती रहें।


## ओम शांति शांति

शोधकर्ताओं के अनुसार तनाव व दबाव की स्थितियों में जो लोग शत्रुतापूर्ण या आक्रामक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं, उनका एचडीएल स्तर कम होता है। वहीं जो लोग विपरीत स्थितियों में अपने क्रोध को नियंत्रित करने में सक्षम होते हैं, उनका एचडीएल स्तर ऊंचा रहता है।

## सेम और दाल भी घटाते है कोलेस्ट्रॉल

दिन में कम से कम एक बार भोजन में सेम, मटर या दाल खाने से कोलेस्ट्रॉल नियंत्रण में रहता है और हृदय की बीमारियों का खतरा कम होता है। सेंट माइकल हॉस्पीटल के चिकित्सक सिवेनपाइपर ने कहा कि दिन में एक समय भोजन में दाल खाने से पांच प्रतिशत तक कोलेस्ट्रॉल कम होता है। भोजन में दाल को शामिल करना हृदय के लिए फायदेमंद रहता है। इससे दिल की बीमारियों का खतरा पांच से छह प्रतिशत तक कम होता है। दालों में ग्लाइसेमिक इंडेक्स (पाचन क्रिया के दौरान भोजन सामग्री का टूटना) का स्तर अपेक्षाकृत कम होता है और इनमें अतिरिक्त प्रोटीन और कोलेस्ट्रॉल को घटाने की क्षमता होती है। सिवेनपाइपर ने मेटा एनालाइसिस समीक्षा के तहत 1,037 लोगों पर अध्ययन किया। अध्ययन में पता चला कि पुरुषों में एलडीएल कोलेस्ट्रॉल का स्तर महिलाओं की अपेक्षा कम होता है। इसका कारण महिलाओं का खान-पान में उचित ध्यान न देना हो सकता है। यह अध्ययन पत्रिका कैनेडियन मेडिकल एसोसिएशन में प्रकाशित हुई है।

## पेनकिलर है हानिकारक



जीवन में बहुत बार ऐसे अवसर आते हैं जब हमें पेनकिलर दवाओं का सेवन करना पड़ता है। विशेषत आस्टियो-आर्थराइटिस के मरीजों को अधिक मात्रा में पेनकिलर दवाओं का सेवन करने की आदत हो जाती है। ऐसे मरीजों को यदि हृदय रोग भी हो तो ये दवाएं उनके लिए बहुत खतरनाक हो सकती हैं। इसके अतिरिक्त अधिक मात्रा में या पेनकिलर का अधिक सेवन हमारे गुर्दों को क्षतिग्रस्त कर सकता है।


## दिल की बीमारियों से दूर रखता है अखरोट



हालिया शोध में पता चला है कि रोजाना अखरोट खाने से डायबिटीज और दिल की बीमारियों का खतरा काफी कम हो जाता है। कनेक्टिकट स्थित येल ग्रिफिन प्रिवेंशन रिसर्च सेंटर के शोधकर्ताओं के मुताबिक, रोज 56 ग्राम अखरोट के सेवन से अधिक वजन वाले वयस्कों के शरीर की आंतरिक प्रक्रिया में सुधार आता है। इस शोध में 30 से 75 साल के 46 वयस्कों को शामिल किया गया था।

आधुनिक जीवन शैली की तेज रफ्तार एवं भागदौड़ भरी जिंदगी में सेहत का विषय बहुत पीछे रह गया है और नतीजा यह निकला की आज हम युवावस्था में ही ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हृदय रोग, कोलेस्ट्रोल, मोटापा, गठिया, थायरॉइड जैसे रोगों से पीड़ित होने लगे हैं जो कि पहले प्रोढ़ावस्था एवं व्रद्धावस्था में होते थे और इसकी सबसे बड़ी वजह है खान पान और रहन सहन की गलत आदतें, आओ हम सेहत के इन् नियमों का पालन करके खुद भी स्वस्थ रहे तथा परिवार को भी स्वस्थ रखते हुए अन्य लोगों को भी अच्छे स्वास्थय के लिए जागरूक करें ताकि एक स्वस्थ एवं मजबूत समाज और देश का निर्माण हो,क्योंकि कहा भी गया है-पहला सुख निरोगी काया।

# स्वस्थ शरीर है सबसे बड़ा खजाना!



## भोजन हो संतुलित

घी, तैल से बनी चीजें जैसे पूड़ी,परांठे,छोले भटूरे,समोसे कचौड़ी, जंक फूड, चाय,कॉफी ,कोल्ड ड्रिंक का ज्यादा सेवन सेहत के लिए घातक है इनका अधिक मात्रा में नियमित सेवन ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रोल, मधुमेह, मोटापा एवं हार्ट डिजीज का कारण बनता है तथा पेट में गैस,अल्सर, ऐसीडिटी, बार बार दस्त लगना, लीवर खराब होना जैसी तकलीफें होने लगती हैं इनकी बजाय खाने में हरी सब्जियां, मौसमी फल, दूध, दही, छाछ , अंकुरित अनाज और सलाद को शामिल करना चाहिए जो की विटामिन,खनिज लवण,फाइबर,एव जीवनीय तत्वों से भरपूर होते हैं और शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। चीनी एवं नमक का अधिक मात्रा में सेवन ना करें,ये डायबिटीज,ब्लड प्रेशर,हृदय रोगों का कारण हैं । बादाम, किशमिश, अंजीर, अखरोट आदि मेवा सेहत के लिए बहुत लाभकारी होते हैं इनका सेवन अवश्य करें पानी एवं अन्य लिक्विड जैसे फलों का ताजा जूस,दूध,दही,छाछ,नींबू पानी,नारियल पानी का खूब सेवन करें,इनसे शरीर में पानी की कमी नहीं हो पाती,शरीर की त्वचा एवं चेहरे पर चमक आती है,तथा शरीर की गंदगी पसीने और पेशाब के दवारा बाहर निकल जाती है।

## व्यायाम का करें नियमित अभ्यास

सूर्योदय से पहले उठकर पार्क जाएं,हरी घास पर नंगे पैर घूमें, दौड़ लगाएं, वाक करें, योगा, प्राणायाम करें, इन उपायों से शरीर से पसीना निकलता है,मांस पेशियों को ताकत मिलती है,शरीर में रक्त का संचार बढ़ता है, अनेक शारीरिक एवं मानसिक रोगों से बचाव होता है,पूरे दिन भर बदन में चुस्ती फुर्ती रहती है,भूख अच्छी लगती है इसलिए नियमित रूप से व्यायाम अवश्य करें।

## गहरी नींद भी है जरुरी

शरीर एवं मन को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन लगभग 7 घंटे की गहरी नींद एक वयस्क के लिए जरुरी है,लगातार नींद पूरी ना होना तथा बार बार नींद खुलना,अनेक बीमारियों का कारण बनता है।



## नींद भी है जरूरी

नेब्रस्का लिंकन विश्वविद्यालय के शोधर्कताओं ने पाया है कि ठीक से सो नहीं पाने के कारण आपका रोजमर्रा का कामकाज प्रभावित हो सकता है। साथ ही ज्यादा खाना खाने की प्रवृत्ति पनप सकती है। यह बच्चे और वयस्क, दोनों पर लागू होता है। वहीं नींद खराब होने के बाद, हार्मोन कंट्रोलिंग सिस्टम भी प्रभावित होता है, इससे भावनात्मक तनाव बढ़ जाता है, और अधिक भोजन, ऊर्जा की कमी को पूरा करने में सक्षम नहीं है। दिन में जो भी आप खाते हैं यह सभी कारक भोजन की मात्रा को प्रभावित करते हैं। नेब्रस्का लिंकन विश्वविद्यालय के शोधकर्ता एलिसा-लिंकन और टीमोथी डी नेल्सन का कहना है कि डॉक्टरों को नींद और खाने के प्रति जागरूक होना चाहिए। नींद सक्रिय रूप से आहार-व्यवहार को बदल देती है। इस पर विचार किया जाना चाहिए। मोटापे से मधुमेह, हृदय रोग जैसी घातक बीमारी होने का खतरा बना रहता है। दूसरी ओर, इस बारे में लेखक का कहना है कि अत्यधिक भोजन करना व बाधित नींद को समझना अत्यधिक महत्वपूर्ण है। भोजन का सेवन जैविक, संज्ञात्मक, भावनात्मक और पर्यावरणीय कारकों से प्रेरित है। इसमें लुंथल और नेल्सन का तर्क है कि इन कारकों से सोने की प्रवृत्ति प्रभावित है। नींद प्रभावित होने के चलते वयस्कों और बच्चों दोनों का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। इसलिए आवश्यक है कि लोग इसके लिए जागरूक हों, उन्हें खाने की गुणवत्ता और मात्रा का भी ख्याल रखना चाहिए। यह शोधपत्र एक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ है।

## ये उपाय करें

सोने का कमरा साफ सुथरा,शांत एवं एकांत में होना चाहिए,रात को अधिकतम 10-11 बजे तक सो जाना और सुबह 5-6 बजे तक उठ जाना स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जाता है,सोने से पहले शवासन करने से अच्छी नींद आती है,खाना सोने से 2-3 घंटे पहले कर लेना चाहिए एवं शाम को खाना खाने के बाद 20-25 मिनट अवश्य घूमें।

## नशे से रहें बच के

यूवा पीढ़ी के लिए कोई सबसे खतरनाक बीमारी है तो वो है नशे के जाल में फँसना,शराब,धूम्रपान,तम्बाकू ये सब सेहत के दुश्मन हैं,किसी भी स्थिति में नशे की लत से बचें,यदि नशे से बचे हुए हैं तो बहुत अच्छा किन्तु,यदि कोई नशा करते हैं तो जितनी जल्दी नशे से दुरी बना लें उतना ही अच्छा है,ये ऐसी बीमारी है जो कैंसर और एड्स से भी ज्यादा खतरनाक है और एकसाथ कई परिवारों को बर्बाद करती है तथा शारीरिक,मानसिक,आर्थिक एवं सामाजिक प्रतिष्ठा के नाश का कारण बनती है, इसलिए नशे से बचना ही बेहतर उपाय है।

## टेंशन को कहें बाय बाय

रोज मर्रा की जिंदगी में आने वाली समस्यों के लिए चिंतन करना सही है चिंता करना नहीं,चिता तो फिर भी मरने के बाद शरीर को जलाती है किन्तु लगातार अनावश्यक चिंता जीते जी शरीर को जला देती है इसलिए तनाव होने पर भाई,बंधू एवं विश्वास पात्र मित्रों से सलाह मश्वरा करें यदि समस्या फिर भी ना सुलझे तो विशेषज्ञ से राय लें।

# बीमारी से बेहतर है बचाव



**कहते हैं** कि बीमारी से बेहतर है बचाव। दिल को स्वस्थ रखने के संदर्भ में कुछ सुझावों पर अमल करें..

- नियमित रूप से अपने शरीर की क्षमता के अनुसार व्यायाम करें। व्यायाम भी दिल को सेहतमंद रखने में कारगर हैं।
- डॉक्टर से परामर्श लेकर आप कार्डियोवैस्कुलर व्यायाम भी कर सकते हैं।
- टहलना भी अच्छा व्यायाम है। शरीर की क्षमता के मद्देनजर नियमित रूप से टहलें।
- जो लोग पहले से ही डाइबिटीज, हाई ब्लडप्रेशर से ग्रस्त हैं, उनमें हृदय संबंधी समस्याएं होने का खतरा कहीं ज्यादा होता है। इसलिए डाइबिटीज से ग्रस्त लोगों को नियमित रूप से अपने ब्लड शुगर की जांच करनी चाहिए। इसी तरह हृदय रोगों से ग्रस्त लोगों को भी ब्लडप्रेशर चेक करते या कराते रहना चाहिए।
- अगर ब्लडशुगर और ब्लड प्रेशर अनियंत्रित है, तो शीघ्र ही अपने डॉक्टर से परामर्श लें।
- डॉक्टर से परामर्श लेकर एक अंतराल पर रक्त में कोलेस्ट्रॉल लेवल की जांच कराते रहें।
- तंबाकू का सेवन न करें।
- अत्यधिक नमकीन खाद्य पदार्थों को खाने से परहेज करें। नमक कम मात्रा में लें।

## तेल का महत्व

लोगों को खाने के तेल पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। अगर सही प्रकार और सही मात्रा में तेल का इस्तेमाल किया जाए, तो दिल संबंधी बीमारियों को रोकने में मदद मिलती है। इस संदर्भ में राइस ब्रैन तेल अत्यंत लाभप्रद है। इस तेल को चावल के भूसे में से निकाला जाता है। इसके अलावा सरसों का तेल, जैतून और सोयाबीन का तेल भी दिल की सेहत के लिए लाभप्रद है।

## वजन कम करना है तो खाइए फ्रोजन फूड

**वजन कम करना** चाहते हैं तो अपने फ्रीज में झांक कर देखिए। डॉक्टरों का कहना है कि फ्रोजन फूड खान से मोटापे को कम करने में मदद मिलती है। विशेषज्ञों का दावा है कि कम कैलोरी का फ्रोजन फूड खाने से कमर को फैलने से रोका जा सकता है क्योंकि इस प्रकार का भोजन कैलोरी के हिसाब से नियंत्रित होता है । लोयोला यूनिवर्सिटी हेल्थ सिस्टम में पोषाहार और वजन नियंत्रण प्रबंधन की विशेषज्ञ जेसिका बार्टफील्ड ने बताया, 'कम कलौरी के भोजन से नियंत्रित मात्रा में कलौरी ली जाती है जिससे वजन को नियंत्रित रखने में मदद मिलती है।' बार्टफील्ड का कहना है कि अधिकतर लोग कम कलौरी का भोजन लेते हैं जो प्रतिदिन 1000 से 1800 कैलोरी प्रतिदिन होता है। यह वजन, उम्र, कद और लिंग पर निर्भर करता है।



# प्रार्थना से भी दूर होता है तनाव

**तनाव** से निपटने के लिए आप क्या-क्या नहीं करते। व्यायाम से लेकर डॉक्टररी सलाह तक। लेकिन, इन सबके अलावा भी एक अन्य उपाय है। जो आसान होने के साथ-साथ बेहद कारगर भी है और वो है प्रार्थना। आपने कभी तनाव करने के लिए प्रार्थना का सहारा लिया है। जी, प्रार्थना से न सिर्फ तनाव का स्तर कम होता है, बल्कि यह कई बीमारियों से बचाने में भी मददगार साबित होती है।

एक शोध के मुताबिक प्रार्थना मन के साथ-साथ शरीर को भी स्वस्था रखती है। साथ ही इससे उम्र में भी इजाफा होता है। यही नहीं प्रार्थना करने से ब्लड प्रेशर भी नियंत्रित रहता है। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया में हुए इस शोध में पाया गया कि धार्मिक प्रवृत्ति के लोगों में कई तरह की बीमारियां होने की आशंका भी कम होती है।

## जीवनशैली पर पूजा का प्रभाव

नियमित रुप से पूजा और प्रार्थना करने से मन में सकारात्क ऊर्जा बढ़ती है। और प्रार्थन करने वाला व्यक्ति भीतर से अच्छा और बेहतर महससू करता है। इससे जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलता है। आजकल अनियमित जीवनशैली कई रोगों की मुख्य वजह है। जब आप पूजा व प्रार्थना को अपने जीवन में एक आदत के तौर पर शामिल करते हैं तो निश्चित ही आप अपने अंदर अच्छा बदलाव महसूस करेंगे। विशेषज्ञों की मानें तो पूजा और संगीत व्यक्ति में बढ़ रहे दबाव का स्तर कम करते हैं। इसका मतलब है ये गतिविधियां जीवन में संतुलन बनाए रखती हैं। प्रार्थना का सकारात्मक प्रभाव देखने के लिए जरूरी है कि उसे दिल से किया जाए। नियमित योग करने वाले लोग जो हमेशा फिट रहते हैं वह भी एक किस्म की पूजा प्रार्थना ही कर रहे होते हैं।

## प्रार्थना के अन्य लाभ

- प्रार्थना करने से मन स्थिर और शांत रहता है। क्रोध पर नियंत्रण रखने में मदद मिलती है।
- इससे स्मरण शक्ति और चेहरे की चमक बढ़ती है।
- प्रार्थना से मन में सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है, जिससे मन निरोगी बनता है।
- शोध में पाया गया है नियमित तौर पर ईश्वर का ध्यान करने और प्रार्थना करने से रक्त संचार दुरुस्त रहता है।
- सामूहिक तौर पर प्रार्थना करने से व्यक्ति के मन में एकता का भाव बढ़ता है और अकेलापन दूर होता है।
- धार्मिक स्थल तक पैदल चल कर जाने से व्यायाम भी हो जाता है।
- प्रतिदिन प्रार्थना करने से व्यक्ति को ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है, जिससे एकाग्रता आती है।

## नोएटिक थैरेपी क्या है

नोएटिक (मंत्रों, संगीत, स्पर्श और प्रार्थना) थैरेपी वह थैरेपी होती है जिसमें बिना दवाई, उपकरण और सर्जरी के इलाज किया जाता है। कई मरीजों पर नोएटिक थैरेपी का इस्तेमाल करने से पाया गया है कि वह, जो सिर्फ दवाई लेते हैं, उनके मुकाबले इनके 30 प्रतिशत ज्यादा सही होने की संभावना होती है साथ ही इन लोगों में एक आश्वासन इस बात का भी होता है कि ये मरीज लंबे समय तक बीमार नहीं पड़ते।

## रेसिपी

### रवा केसरी



**सामग्री**

1/2 कप रवा (सूजी), 2 टेबल स्पून घी, डेढ कप दूध, 10-12 किशमिश, 4-10 कटे हुए बादाम, 1/4 टी स्पून छोटी इलायची पाउडर, कुछ धागे केसर के 1 टेबल स्पून पानी में भीगे हुए, स्वादानुसार चीनी।

**विधि**

एक कड़ाही में घी डालकर गर्म करें और रवा डालकर सुनहरा होने तक भूनें। डेढ़ कप पानी के साथ दूध मिलाएं और एक उबाल दें। फिर उसे भूने हुए रवा (सूजी) में मिलाकर गाढ़ा होने तक पकाएं। किशमिश, बादाम, केसर, इलायची पाउडर और चीनी डालकर अच्छी तरह मिलाएं। गरमागरम सर्व करें।

**कितने लोगों के लिए : 4**

### गवारफली की सब्जी



**सामग्री**

300 ग्राम गवार की फली, 1/2 छोटा चम्मच जीरा, 1/2 छोटा चम्मच अजवाइन, 1 चुटकी हींग, 1/4 छोटा चम्मच हल्दी पिसी हुई, नमक 1 छोटा चम्मच (या स्वादानुसार), 1/2 छोटा चम्मच पिसी हुई लाल मिर्च, छोटा चम्मच धनिया पिसा हुआ, 1/2 छोटा चम्मच अमचुर, तेल डेढ़ बड़ा चम्मच

**विधि**

गवार की फली के किनारे निकालकर, अगर इसमें कोई धागा है तो वो भी निकाल दें, अच्छी तरह धो लें और एक साफ कपड़े से इसका पानी पोंछ लें। फली को इच्छानुसार छोटे छोटे टुकड़ों में काट लें। एक कड़ाही में मध्यम आंच पर तेल गरम करें। इसमें जीरा और अजवाइन डालें, कुछ देर के लिए भूनें और फिर हींग डालें। आंच को धीमा करके हल्दी डालें और फिर गवार के टुकड़े डाल दें। इस सामग्री को अच्छी तरह मिलाएं। नमक, लाल मिर्च और धनिया पाउडर डालें, और फिर से सब्जी को एक मिनट के लिए चलाएं। गवार के गलने तक ढक कर पकाएं। इसमें लगभग 12-15 मिनट का समय लगता है। जब सब्जी गल जाए तो इसमें अमचूर डालकर सब्जी को दो मिनट के लिए भूनें। रोटी, पूरी, पराठा या फिर दाल चावल किसी के भी साथ गरम परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : प्रदीप शील ● सहयोगी संपादक : रवि शंकर चौधरी ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**